26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 24 मार्च, 2026

अंक- 148 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# 2029 के चुनाव से पहले लागू होगा 33% महिला आरक्षण

## लोकसभा सीटें बढ़कर 816 होंगी

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** केंद्र सरकार 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की तैयारी में है। इसके लिए संसद के मौजूदा सत्र में दो बिल लाए जा सकते हैं। इसके जरिए महिला आरक्षण लागू करने की मौजूदा शर्त में बदलाव किया जाएगा। इससे लोकसभा में सदस्यों की संख्या 543 से बढ़कर 816 हो सकती है। इनमें महिला सांसदों के लिए आरक्षित सीटों की संख्या 273 हो जाएगी। गृहमंत्री अमित शाह ने इस पर सहमति बनाने के लिए सोमवार को एनडीए और गैर-कांग्रेसी विपक्षी दलों के नेताओं के साथ बैठक की। सहमति बनने पर बिल इसी हफ्ते पेश किए जा सकते हैं। दरअसल, 2023 में महिला आरक्षण कानून संविधान के 106वें संशोधन के रूप में पास हुआ था। इसके तहत महिला आरक्षण नई जनगणना के बाद लागू होना है। अब सरकार का प्रस्ताव है कि नई जनगणना का इंतजार करने की बजाय 2011 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर ही परिसीमन किया जाए। इससे प्रोसेस तय समय पर पूरी हो सकेगी और आरक्षण लागू किया जा सकेगा। 19 सितंबर 2023 में कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पेश किया था। सरकार ने इसे नारी शक्ति वंदन विधेयक कहा था।

जल-थल टाइम्स समाचार पत्रिका व डिजिटल न्यूज चैनल

की ओर से सभी देशवासियों को ईद-उल-फ़ित्र

व नवरात्रों की हार्दिक शुभकामनाएं व

दिली मुबारकबाद

मोहसिन मलिक

सह-सम्पादक : जल-थल टाइम्स



नोट- केवल पत्रकारिता की इच्छा रखने वाले युवक-युवती हमसे जुड़ने के लिए सम्पर्क करें मो. 9412568080

वेतन योग्यता अनुसार दिया जायेगा। कॉल टाइम सुबह 10 से 12 बजे तक

हेड ऑफिस- निकट मुस्लिम फण्ड, जैदी मार्केट

कोतवाली देहात, जिला बिजनौर ( उ.प्र. ) पिन-246764

# नवरात्र के दौरान मंदिरों में सुरक्षा कड़ी, एंटी रोमियो टीम ने की चैकिंग

## माँ काली का मंदिर में महिलाओं व बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी



**बिजनौर ( चिंगारी )।** नवरात्र पर्व के मद्देनज़र जिले में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नज़र है। इसी क्रम में एंटी रोमियो टीम द्वारा शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर विशेष चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

मंगलवार को एंटी रोमियो टीम ने माँ काली का मंदिर परिसर में सघन चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान मंदिर में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं पर नजर रखी गई और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर उनकी गतिविधियों की जांच की गई। चैकिंग अभियान के दौरान टीम ने विशेष रूप से महिलाओं और बालिकाओं से संवाद स्थापित किया। उन्हें सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, जिनमें 1090 वूमेन पावर लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा, 108 स्वास्थ्य सेवा और 1930 साइबर हेल्पलाइन शामिल हैं। पुलिसकर्मियों ने महिलाओं और बालिकाओं को इन नंबरों का उपयोग करने के लिए जागरूक करते हुए उनकी समस्याएं भी सुनीं और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नवरात्र के दौरान मंदिरों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित वातावरण में पूजा-अर्चना कर सकें।

# कक्षा 5 के बच्चों को दी गई भावभीनी विदाई

**बिजनौर ( चिंगारी )।** प्राथमिक विद्यालय मोहम्मद अलीपुर द्वारका में कक्षा 5 के मेधावी छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता के सामने दीप प्रज्वलन करके हुआ। प्रभारी प्रधानाध्यापक दीपक महेंद्रा ने बच्चों को सम्मानित करते हुए कहा कि ये बच्चे विद्यालय की शान हैं और उच्च कक्षाओं में नई ऊंचाइयों को छूएगें।



कार्यक्रम में निधि खुराना-सहायक अध्यापिका के निर्देशन में बच्चों ने सुंदर गीत, नृत्य और कविताओं की प्रस्तुतियां दीं, जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर गईं। कार्यक्रम का संचालन दिनेश कुमार सहायक अध्यापक द्वारा किया गया। अभिभावकों ने आभार व्यक्त करते हुए शिक्षकों की मेहनत की सराहना की। प्रत्येक बच्चे को स्मृति चिन्ह व प्रमाण-पत्र भेंट किये गये। समारोह स्कूल परिवार के लिए अविस्मरणीय रहा। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्री शिखा चौधरी, आंगनबाड़ी सहायिका बृजेश कुमारी, कुसुम, रिंकी और लाल सिंह आदि उपस्थित रहे।



# रालोद के कार्यकर्ता सम्मेलन में 2027 चुनाव के लिए कमर कसने का आह्वान

## रावटी में भव्य आयोजन, जिला अध्यक्ष ओमपाल कश्यप व प्रदेश महासचिव अशोक चौधरी का हुआ स्वागत

बिजनौर ( चिंगारी )। चांदपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रावटी स्थित महावीर फार्म हाउस में राष्ट्रीय लोकदल ( रालोद ) की चांदपुर टीम द्वारा भव्य कार्यकर्ता सम्मेलन एवं स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों और संगठन की सक्रियता के रूप में देखा जा रहा है। कार्यक्रम में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ओमपाल कश्यप एवं मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव अशोक चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति रही। चांदपुर पहुंचने पर दोनों नेताओं का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। सभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ओमपाल कश्यप ने की, जबकि संचालन जिला महासचिव डॉ. विपिन तोमर और वरिष्ठ नेता अकरम उस्मानी ने संयुक्त रूप से किया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और आगामी विधानसभा चुनाव में पूरी ताकत के साथ उतरने का संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने चौधरी चरण सिंह की विचारधारा, चौधरी अजित सिंह के संघर्ष और जयंत चौधरी के नेतृत्व को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और जनसमस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय रहने का आह्वान किया।

## विषय विशेषज्ञ शिक्षकों को पुरानी पेंशन बहाली का लाभ देना सरकार का एक सराहनीय कदम- चंद्रहास सिंह

**बिजनौर ( चिंगारी )।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी ज़ोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने बताया कि प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में विषय विशेषज्ञ के रूप में नियुक्त शिक्षकों को सरकार द्वारा पुरानी पेंशन से अच्छादित किया गया है,जो 2007 में नियमित हुए थे। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विषय विशेषज्ञ शिक्षकों को पुरानी पेंशन से आच्छादित करना सरकार का सराहनीय क़दम है। इससे प्रदेश के हजारों शिक्षकों को भविष्य व आर्थिक सामाजिक सुरक्षा मिलेगी। सरकार द्वारा पूर्व में विज्ञापन के आधार पर प्रदेश के हजारों शिक्षकों एवं कर्मचारियों को पुरानी पेंशन बहाली से आच्छादित करने का कार्य किया गया था। अटेवा/एनएमओपीएस राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में लंबे समय से पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्षरत है, ये संघर्ष का ही परिणाम है। चंद्रहास ने आह्वान किया कि संघर्ष एवं नेतृत्व में विश्वास रखते हुए पुरानी पेंशन बहाली के आन्दोलन का साथ देते रहें, एक दिन पूरे देश के शिक्षकों एवं कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का निश्चित लाभ मिलेगा। पुरानी पेंशन बहाली तक संघर्ष जारी रहेगा।


ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



ATHER

एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम अब धामपुर में खुलने जा रहा है

आवश्यकता है-
मैनेजर, सेल्समैन, मैकेनिक
मो. 9119766026

25 हजार तक की डिस्काउंट

आवश्यकता है
*वर्कशॉप सुपरवाइजर
*मैकेनिक

*नियम व शर्तें लागू

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

नवरात्र के दौरान मेंदिरों में सुरक्षा कड़ी,
एंटी रोमियो टीम ने की चैकिंग ( पेज 2 )

# बेटी होने पर पत्नी को मार-पीटकर निकाल दिया अस्पताल से बाहर



**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के एक नर्सिंग होम में एक विवाहिता के बेटी होने पर मानवता व इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना उस समय घटित हो गई, जब महिला के पति ने बेटे की चाहत में उसे नवजात के साथ अस्पताल से मारपीट कर बाहर छोड़ दिया। घटना के बाद अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा हुआ और लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया।

जानकारी के अनुसार नहटौर थाना क्षेत्र के गांव मिर्जापुर निवासी मुन्तरीन का लगभग एक वर्ष पहले निकाह उमरपुर पालकी निवासी वसीम के साथ हुआ था। एक सप्ताह पूर्व मुन्तरीन ने ऑपरेशन के जरिए एक बच्ची को जन्म दिया था। बताया जा रहा है कि पति वसीम को बेटे की चाहत थी। बेटी के जन्म से वह नाराज हो गया। सोमवार को जब मुन्तरीन के मायके पक्ष के लोग उसे और नवजात को देखने अस्पताल पहुंचे, तभी मामला अचानक बिगड़ गया। परिजनों के अनुसार इसी दौरान मुन्तरीन के साथ मारपीट की और एक सप्ताह की नवजात बच्ची सहित उसे अस्पताल से बाहर सड़क पर निकाल दिया। इस घटना से अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर मौजूद लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई।

मुन्तरीन के भाई उस्मान ने बताया कि वह पांच भाइयों की इकलौती बहन है और परिवार ने उसका निकाह बड़े अरमानों से किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि बेटी पैदा होने के बाद से ही उसके साथ गलत व्यवहार किया जा रहा था। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया और अस्पताल में जमकर हंगामा हुआ। लोगों ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। यह घटना एक बार फिर समाज के सामने बड़ा सवाल खड़ा करती है कि क्या आज भी बेटी होना अभिशाप माना जा रहा है।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# कुत्तों ने घेर में घुसकर 6 बकरों को मार डाला



**धामपुर ( चिंगारी )। नगर के मोहल्ला बंदूकचियान भटियारी सराय में आज प्रातः एक घेर में बंधे हुए 6 बकरों को एक दर्जन से अधिक आवारा खूंखार कुत्तों ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया।**

मिली जानकारी के अनुसार मोहल्ला बंदूकचियान निवासी रानू ने बकरा ईद के लिए अपने घेर में छह बकरों को पाल रखा था घेर की चाहर दीवारी का मेन गेट बंद होने के बावजूद लगभग एक दर्जन कुत्ते घेर में घुस गए और उन्होंने वहां बंधे हुए बकरों पर हमला कर दिया, जिससे बकरों की मौत हो गई। आज प्रातः जब रानू घेर में पहुंचे तो बकरों को मरा हुआ देखकर दंग रह गए। मोहल्लेवालों ने बताया कि घेर में कुत्तों ने घुसकर बकरों को मार डाला है। वार्ड सभासद जावेद मुल्तानी ने बताया कि मोहल्ले में आवारा कुत्तों का आतंक व्याप्त है। कुत्ते आएदिन बच्चों पर हमला करके उनको घायल कर देते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों नगर पालिका ने कुत्तों को पकड़ा तो था परंतु कुछ समय बाद यहीं लाकर छोड़ दिया। मोहल्लेवासियों ने नगर पालिका परिषद से कुत्तों को पड़कर जंगल में छोड़े जाने की मांग की है। मोहल्ला बंदूकचियान में मीट की दुकान होने और पशुओं को काटे जाने के कारण यहां कुत्तों का आतंक है।

## चैत्रीय नवरात्र

### सप्तम कालरात्रि

25 मार्च 2026, बुधवार



नवरात्रि के सप्तम दिन मां कालरात्रि की उपासना से प्रतिकूल ग्रहों द्वारा उत्पन्न की जाने वाली बाधाएं समाप्त होती हैं और आप अग्नि, जल, जंतु, शत्रु आदि के भय से मुक्त हो जाती हैं। मां कालरात्रि अपने भक्त के लिए ब्रह्मांड की सभी सिद्धियों की प्राप्ति के लिए राह खोल देती हैं। मां का कालरात्रि स्वरूप अति भयावह व उग्र है। भयानक स्वरूप होने के बावजूद शुभफल देने वाली मां कालरात्रि नकारात्मक, तामसी और राक्षसी प्रवृत्तियों का विनाश करके भक्तों की दानव, दैत्य, राक्षस, भूत-प्रेत आदि से अभय प्रदान करती हैं।



डा. मनोज वर्मा
वर्मा मैटरनिटी एवं नर्सिंग होम
स्योहारा ( बिजनौर )

Hero
ईद मुबारक
ईद व नवरात्र ऑफर
एडवांस बुकिंग कराने पर निश्चित उपहार
₹10000/-* तक की महाबचत



आवश्यकता है- कुशल मैकेनिक, सुपरवाइज़र व सेल्स और फीमेल टेलीकॉलर
21999/- के डाउन पेमेंट पर



नियम व शर्तें लागू
मात्र 21999/- के डाउन पेमेंट पर 160 CC की बाइक घर ले जायें और त्यौहारों को और खुशगवार बनायें।
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

## पश्चिम बंगाल में घमासान-2

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों मुख्य रूप से तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच घमासान मचा हुआ है। पिछला चुनाव आठ चरणों में होने के कारण तृणमूल कांग्रेस-टीएमसी को अपने कार्यकर्ताओं को लामबंद करने और पूरी ताकत से चुनाव लड़ने का अवसर दिया था। इस बार चुनाव के केवल दो चरणों में होने के कारण टीएमसी की संगठनात्मक क्षमता का परीक्षण होगा। भाजपा समेत कई दलों ने मुख्य चुनाव आयुक्त से प्रदेश में कम चरणों में चुनाव करवाने का अनुरोध किया था जिसे मान लिया गया है। पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण-एसआईआर को लेकर ममता बनर्जी सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने के साथ ही सड़क पर आंदोलन तक कर चुकी हैं। वहीं सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर तथा राज्य प्रशासन की कथित पक्षपाती रणनीति को देखते हुए मजिस्ट्रेटों को इस काम में लगाया गया। भाजपा का आरोप है कि ममता बनर्जी ने बड़े पैमाने पर पड़ोसी बांग्लादेश से घुसपैठियों को प्रोत्साहित किया, जो उनका वोटबैंक बन गए हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ने प्रेस सम्मेलन में कहा कि एसआईआर से मतदाता सूचियां शुद्ध हुई हैं। हालांकि, पश्चिम बंगाल में पूरक मतदाता सूची का मामला अभी सर्वोच्च न्यायालय के विचाराधीन है और उसका निर्णय आने पर ही सूची जारी की जाएगी। इसके साथ ही तृणमूल कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दलों ने मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस भी दिया है। ऐसे में पश्चिम बंगाल समेत अन्य राज्यों में चुनाव की निष्पक्षता और तटस्थता भारत में चुनाव आयोग तथा पूरी चुनावी प्रक्रिया पर जनता की मुहर की तरह भी होगी। चुनाव तिथियों की घोषणा के बावजूद विपक्ष ने एक बार फिर चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाए हैं। देखना होगा कि चुनाव आयोग की निष्पक्षता का मुद्दा चुनाव प्रचार का अंग बनता है या नहीं, वैसे विपक्ष द्वारा ऐसे समय चुनाव प्रक्रिया स्वीकार करना अपने आप में महत्वपूर्ण है जब स्वयं मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया जा चुका हो। शुरुआती चुनावी सर्वेक्षणों के अनुसार पश्चिम बंगाल में भाजपा की संख्या जरूर बढ़ेगी, पर वह ममता बनर्जी की टीएमसी को सत्ता से बाहर करने में सफल नहीं होगी।

# इजरायल-ईरान युद्ध से महाविनाश सम्भव

**लेबनान से आतंकी संगठन हूती भी इजरायल पर समय पर हमले करता रहता है। सीरिया से आईएसआईएस भी नाक में दम करता है। इजरायल एक छोटा सा यहूदी देश है जिसे चारों ओर से इस्लामी कट्टरपंथी आतंकी संगठनों से निबटना पड़ता है।**

इजरायल ने अपने पिन आउट टारगेटेड हमले से भले ही ईरान की फर्स्ट लेयर लीडरशिप समाप्त कर दी हो, मगर ईरान हार मानने को तैयार नहीं है। इस विवाद के मूल में 7 अक्टूबर 2023 को गाजा की धरती से ईरान समर्थित आतंकवादी संगठन हमास द्वारा इजरायल पर किया गया आतंकी हमला है, जिसमें 1200 से अधिक सैनिक और सामान्य नागरिकों की मौत हुई और 200 से अधिक आम नागरिकों का अपहरण कर लिया गया था।



इसके विरोध में आपरेशन 'स्वाड्र्स ऑफ आयरन' शुरू किया। जिसके परिणामस्वरूप हमास के आतंकियों समेत 30 हजार से अधिक लोगों की मौत और गाजा में हवाई हमलों में भीषण तबाही हुई। यह युद्ध आज भी जारी है। लेबनान से आतंकी संगठन हूती भी इजरायल पर समय पर हमले करता रहता है। सीरिया से आईएसआईएस भी नाक में दम करता है। इजरायल एक छोटा सा यहूदी देश है, जिसे चारों ओर से इस्लामी कट्टरपंथी आतंकी संगठनों से निबटना पड़ता है।

13 जून 2025 को इजरायल ने ईरान के सैन्य ठिकानों और परमाणु साईट्स पर हमला किया, बदले में ईरान ने भी 500 से अधिक मिसाइल और लगभग 1000 ड्रोन हमले किए। 12 दिन चले युद्ध पर अमेरिकी हस्तक्षेप से विराम लगा, मगर 28 फरवरी 2026 को अमेरिकी और इजरायल ने तेहरान, इस्फहान और करज शहरों पर भीषण बमबारी की और ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई सहित दर्जनों सैन्य अफसरों को समाप्त कर दिया। 2 दिन बाद ही अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान पर रणनीतिक विजय की घोषणा की। मगर लगता है कि अमेरिका, ईरान की मिसाइल और ड्रोन कैपेसिटी का ठीक से आकलन करने में नाकाम रहा और ईरान न सिर्फ इजरायल को लगातार टार्गेट कर रहा है, बल्कि गल्फ कन्ट्रीज में स्थित अमेरिकी सैन्य साईट्स को जबरदस्त नुकसान पहुंचा रहा है। अमेरिका के 15 लड़ाकू विमानों के नष्ट होने की भी खबर है। निश्चित रूप से ईरान बर्बाद हो चुका है, उसके पास कोई चारा नहीं है सिवा इसके कि वह होमुर्ज समुद्री मार्ग से दुनिया की तेल, गैस की सप्लाई बाधित करे और दुनिया अमेरिका पर दबाव बनाकर युद्ध विराम के लिए राजी करे, हालांकि इजरायल और अमेरिका को भी भारी क्षति पहुंची है।

मगर अब स्थिति बहुत खतरनाक हो गई है। इजरायल के नतांज परमाणु हमले के विरोध में ईरान ने इजरायल के डिमोना और अराद शहर में मिसाइल अटैक किये हैं, जिसमें कई रिहायशी टावरों के क्षतिग्रस्त होने के साथ ही 100 से अधिक सिविलियन घायल हुए हैं या मारे गये हैं। बड़ी बात यह है कि यह हमला डिमोना न्युक्लियर रिसर्च सेंटर के बिल्कुल नजदीक किया गया है। हालांकि न्युक्लियर रिसाव की बात सामने नहीं आई है, लेकिन अब यह लगभग तय हो गया है कि यह लड़ाई जल्दी ही न्युक्लियर जंग बन सकती है। यदि ऐसा हुआ तो युद्ध और भीषण होगा और निश्चित रूप से भारी तबाही होगी, जो मानवता के विरुद्ध अपराध होगी।

**संजीव चौधरी**

अध्यक्ष केमिस्ट एसोसिएशन, बिजनौर

# ईरान, भारत का मित्र या शत्रु?

अमेरिका- इजरायल-ईरान के बीच युद्ध चल रहा है। ऐसे में देश के अंदर बहस छिड़ी हुई है कि ईरान का विरोध किया जाए या समर्थन। वहीं देश में ईरान के मृत पूर्व लीडर अली खामेनेई की तस्वीर लेकर एक वर्ग समुदाय अपना दुःख प्रगट कर रहा है। ऐसे में भारत ने भी ईरान के दूतावास जाकर कुछ दिन बाद अपनी श्रद्धांजलि दुख प्रगट कर आया है। भारत और ईरान के संबंधों को यदि सरल शब्दों में समझा जाए, तो यह कहना अधिक उचित होगा कि ईरान न तो भारत का शत्रु है और न ही पारंपरिक अर्थों में सैन्य सहयोगी मित्र। बल्कि दोनों देशों के संबंध हितों, इतिहास और कूटनीति पर आधारित रणनीतिक साझेदारी के रूप में विकसित हुए हैं। ईरान, भारत का शत्रु नहीं है, लेकिन पारंपरिक सैन्य मित्र भी नहीं है। वहीं संसद में भी विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी स्पष्ट कर दिया कि हमारी सरकार की प्रत्येक गतिविधियों पर नज़र जारी है ताकि वर्तमान हालात पर नियंत्रण रहें। लेकिन सरकार अभी तक यह नहीं बता पाई कि इस युद्ध के पनपने वाली मंहगाई से कैसे निपटेगी। वर्तमान में कर्मशियल गैस पर अंकुश लग चुका है। घरेलू गैस पर संकट न आये तो सरकार क्या-क्या कार्य रही है? अगर हम ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध के बारे में पड़ताल करें तो पायेंगे कि भारत और ईरान के संबंध हजारों-वर्षों पुराने हैं। प्राचीनकाल से ही दोनों क्षेत्रों के बीच व्यापार, संस्कृति और भाषा का आदान-प्रदान होता आया है। फ़ारसी भाषा का प्रभाव भी मध्यकालीन भारत की प्रशासनिक और सांस्कृतिक परंपराओं में भी दिखाई देता है। हमें इतिहास में जाकर यह भी भूलना न होगा कि संघर्ष भी हुए, जैसे 1739 में ईरानी शासक नाडेर शाह ने भारत पर आक्रमण कर बैटल ऑफ करनाल में मुग़लों को हराया था। लेकिन आधुनिक दौर में दोनों देशों के संबंध मुख्यत: सहयोग और कूटनीति पर आधारित रहे हैं। भारत एक बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता देश है और ईरान तेल-गैस का बड़ा स्रोत रहा है। भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए ईरान महत्वपूर्ण माना जाता है। इसी संदर्भ में भारत ने ईरान के चाबाहार पोर्ट के विकास में निवेश किया है, जिससे भारत को अफ़गानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुंच मिलती है और पाकिस्तान को बाईपास करने का रास्ता मिलता है। ज्ञात रहे कि भारत-ईरान का रणनीतिक सहयोग रहा है और भारत और ईरान कई क्षेत्रों में सहयोग करते आये हैं। जैसे कि आतंकवाद और ड्रग तस्करी के खिलाफ सहयोग। अफगानिस्तान की स्थिरता में साझा हित, व्यापार और क्षेत्रीय संपर्क परियोजनाएं सहित अन्य कारणों से ईरान भारत के लिए रणनीतिक रूप से उपयोगी साझेदार माना जाता रहा है। आज की अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भारत की नीति स्पष्ट है कि सभी देशों से संबंध रखना। किसी एक गुट में पूरी तरह शामिल न होना। अपने राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता देना, इसलिए ईरान-इजरायल या ईरान-अमेरिका तनाव में भारत अक्सर तटस्थ रुख अपनाता है और शांति की अपील करता है। वहीं पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और वैश्विक राजनीति के बदलते समीकरणों के बीच यह सवाल बार-बार उठता है कि क्या ईरान, भारत का मित्र है या शत्रु। दरअसल अंतरराष्ट्रीय राजनीति में रिश्ते स्थायी दोस्ती या दुश्मनी के आधार पर नहीं, बल्कि राष्ट्रीय हितों के आधार पर तय होते हैं। भारत और ईरान के संबंध भी इसी सिद्धांत पर चलते रहे हैं। पश्चिम एशिया की राजनीति में ईरान लंबे समय से एक महत्वपूर्ण और प्रभावशाली देश रहा है। हाल के वर्षों में क्षेत्रीय संघर्ष, प्रतिबंधों और अंतरराष्ट्रीय दबावों के कारण ईरान वैश्विक चर्चा के केंद्र में बना हुआ है।

**- सौरभ वार्ष्णेय**

# सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर नूरपुर में हुआ भव्य कार्यक्रम

## ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

**नूरपुर ( चिंगारी )।** सोमवार को विकास खण्ड के शहीद रिक्खी सिंह, परवीन सिंह सभागार में संकल्प सिद्धि सुरक्षा-सुशासन समृद्धि उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास एवं सतत समृद्धि के सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर विधानसभा के नवनिर्माण के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व एमएलसी अशोक कटारिया व विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौहान व ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में आकांक्षा चौहान व बीडीओ डॉ. दिनेशपाल शर्मा ने अशोक कटारिया व भूपेन्द्र चौहान का अभिनन्दन पत्र के साथ माँ दुर्गा की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रीय अध्यक्ष किसान मोर्चा सीपी सिंह व ब्लॉक प्रमुख स्योहारा उज्ज्वल चौहान का भी पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। डॉ. दिनेशपाल शर्मा ने आकांक्षा चौहान को शॉल भेंट कर स्वागत किया। ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सरकार की उपलब्धिओं को गिनाते हुए कहा कि विधानसभा क्षेत्र में गत 9 वर्षों में डबल इंजन की सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत कुल 1107 परिवारों को आवास का लाभ दिया तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण सर्वे 2024 के अन्तर्गत 3180 नये आवास के लाभार्थियों का चयन




पूर्व मंत्री अशोक कटारिया का स्वागत करते हुये आकांक्षा चौहान व राशु चौहान

किया। मुख्यमंत्री आवास के अन्तर्गत 312 परिवारों को मुख्यमंत्री आवास का लाभ दिलाया गया। मनरेगा योजना में विधानसभा के 91156 परिवारों को रोजगार मुहैया कराया गया। 34 आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण, 48 पंचायत भवन, 23 मॉडल पी.डी.एस. शॉप, 6 अस्थायी गौआश्रय स्थल, ग्राम पंचायतों के सुदृढ़ीकरण हेतु नाली, खड़न्जा, सीसी रोड इण्टरलॉकिंग बनवाने का कार्य किया गया। पूर्व मंत्री अशोक कटारिया ने 23 मार्च को शहीद हुए भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरू को याद करते हुए नमन किया तथा उन्होंने अपने सम्बोधन में गत 9 वर्षों के उत्तर प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से बताया। योगी सरकार ने गत 9 वर्षों में सड़कों का जाल फैलाते हुए पूर्वांचल, गंगा, बुन्देलखण्ड, लिकं एक्सप्रेस-वे बनवाने का कार्य किया है। साथ ही बेरोजगारों को रोजगार देने तथा महिलाओं को प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ाने का कार्य योगी सरकार ने किया है।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे एडीओ सलीम ने एनआरएलएम विभाग की जानकारी दी। अन्य विभागों के अधिकारियों ने अपने विभागों की गत 9 वर्षों के कार्यों की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में धर्मेन्द्र सैनी, निशांत कर्णवाल, खजान सिंह, रवि चौधरी, विनोद कुमार टायर वाले,नवनीत कुमार, जुगनु चौधरी व बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान, कृषक, महिलाएं व गणमान्य व्यक्तियों के अलावा एडीओ पंचायत करूणा चौहान, एडीओ समाज कल्याण योगेश कुमार, एडीओ कॉपरेटिव एकेश्वर सुन्दरियाल, सीडीपीओ सतीश कुमार, डॉ. विनय पशुपालन विभाग, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अजय गन्धर्व, नीरज कुमार, गौरव कुमार, राजकुमार आदि ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यकर्ता जातिवाद से ऊपर उठकर सम्पूर्ण समाज के साथ खड़े हों : डा. दीप सौरभ




विचार व्यक्त करते हुए दीप सौरभ सिंह

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम आलमपुर गांवड़ी स्थित विधायक सुशांत सिंह के कैंप कार्यालय में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. दीप सौरभ सिंह पार्थ ने कार्यकर्ताओं से जातिवाद से ऊपर उठकर सम्पूर्ण समाज में अपनी स्वीकार्यता बढ़ाने और लोगों के सुख-दु:ख में साथ खड़े होने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता डॉ. दीप सौरभ सिंह पार्थ ने कहा कि सम्पूर्ण विपक्ष हताश और निराश हो गया है तथा समाज को जातिवाद, क्षेत्रवाद आदि के नाम पर गुमराह करने की कोशिश में लगा है, ऐसे में हम सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि अपने नेतृत्व में पूर्ण आस्था रखते हुए समाज के बीच अपनी बातों को मजबूती से रखें। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामानन्द राकेश प्रधान ने की तथा संचालन खेल सिंह राजपूत ने किया।

कार्यशाला में मंडल अध्यक्ष विनय कुमार, जयप्रकाश बंजारा, सचिन, भीम सिंह सैनी, सरदार हरदत्त, सरदार मंगल सिंह संधु, रमेश, अंकित, कपिल कुमार, देशराज, फूल सिंह चौधरी, जिला सहसंयोजक नरेश भाटी, जिला महामंत्री, सुभाष चौहान निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष, वरिष्ठ नेता डॉ. विनीत देवरा, विजयपाल सिंह, चेयरमैन जयवीर पंचवाल, जिला मंत्री विनोद धारीवाल, अवनीश आदि उपस्थित रहे।

# नि:शुल्क नेत्र शिविर एक अप्रैल को

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रघुनाथ प्रसाद, विरेंद्र कुमार अग्रवाल सर्राफ द्वारा प्रत्येक माह लगाए जाने वाले नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर की श्रृंखला में अगला शिविर



एक अप्रैल बुधवार को अग्रवाल भवन प्रथम तल भारतीय स्टेट बैंक नूरपुर रोड, बिजनौर पर लगाया जायेगा। यह शिविर पूर्व की भांति निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश उत्तरांचल की कुशल चिकित्सकों की टीम द्वारा रोगियों का परीक्षण किया गया। जिन मरीजों को मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराना है, वह अपना आधार कार्ड साथ में अवश्य लाएं। नेत्र शिविर प्रात: 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक पूर्णतया नि:शुल्क होगा। सम्पर्क करें- 9837027465

# पिता के तमंचे से चली गोली लगी थी बच्ची के पैर में

**बिजनौर ( चिंगारी )।** ईद मिलकर लौट रहे परिवार पर कथित फायरिंग की घटना का सनसनीखेज खुलासा हुआ है। छह वर्षीय बालिका को लगी गोली किसी हमलावर ने नहीं, बल्कि उसके पिता के तमंचे से चली थी। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर तमंचा बरामद कर लिया है।

थाना कोतवाली शहर बिजनौर के गांव नरूल्लापुर हफीज निवासी शौकीन अपनी पत्नी, तीन वर्षीय बेटे व छह वर्षीय बेटी राहत के साथ शनिवार को गांव बादशाहपुर में रिश्तेदारी में ईद मिलने गया था। रात्रि करीब साढ़े आठ बजे बाइक से लौटते हुए गांव के समीप रास्ते में अचानक गोली चलने की सूचना से हड़कंप मच गया था।

परिजनों ने आरोप लगाया था कि अंधेरे का फायदा उठाकर किसी अज्ञात व्यक्ति ने ईख के खेत से उन पर गोली चलाई थी, जो बाइक पर बैठी बालिका राहत के पैर में लगी थी। घायल बच्ची को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां चिकित्सकों ने उसके पैर में गोली आर-पार होना बताया था। जिला अस्पताल में बालिका का उपचार चल रहा है।

घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल के साथ-साथ परिवार के सदस्यों से भी पूछताछ की। जांच के दौरान मामला संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस ने पिता शौकीन से कड़ाई से पूछताछ की, जिसमें उसने स्वीकार किया कि उसके पास मौजूद तमंचे से ही गलती से फायर हो गया था और गोली उसकी पुत्री के पैर में जा लगी थी। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी पिता को 315 बोर के तमंचे सहित गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## बच्ची ने किया पर्दाफाश

**बच्चे मन के सच्चे होते हैं। पुलिस ने जब बच्ची से घटना के बारे में पूछा तो सच्चाई बयान कर दी। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि घायल बालिका राहत ने बताया कि वह रिश्तेदारी में ईद मिलकर लौटते समय बाइक पर बीच में बैठी थी। पापा ने बेल्ट में गन लगा रखी थी। इस दौरान उसका हाथ लगने से गोली चल गई और उसके पैर में लग गई थी।**

# पंजाब में नशा मुक्ति यात्रा निकालेगी गुर्जर महासभा




**चंडीगढ़ ( चिंगारी )।** पंजाब में नशे के खिलाफ जारी जंग में अब अखिल भारतीय गुर्जर महासभा ने भी अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का ऐलान किया है। संगठन पूरे राज्य में युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करने के लिए नशा मुक्ति यात्रा निकालेगा। इस अभियान की शुरुआत औद्योगिक नगरी लुधियाना से की जायेगी। यह अहम फैसला चंडीगढ़ स्थित प्रेस क्लब में आयोजित अखिल भारतीय गुर्जर महासभा की पंजाब कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बच्चू सिंह बैंसला की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक के दौरान राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बच्चू सिंह बैंसला ने सर्वसम्मति से कमल देव चौहान को पंजाब इकाई का प्रदेश अध्यक्ष एवं सोहन लाल चेची को कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया और नशा मुक्ति अभियान की कमान सौंपी। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष कमल देव चौहान ने कार्यभार संभालने के बाद स्पष्ट किया कि गुर्जर समाज का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाकर उन्हें एक सकारात्मक दिशा देना है। उन्होंने बताया कि पंजाब के राज्यपाल महामहिम गुलाब चंद कटारिया जी पिछले कुछ समय से प्रदेश के सीमावर्ती जिलों सहित पूरे राज्य में नशा मुक्त पंजाब के लिए लगातार पदयात्राएं कर रहे हैं। गुर्जर समाज भी राज्यपाल की इस मुहिम में सक्रिय भूमिका निभायेगा और कदम से कदम मिलाकर चलेगा। बैठक के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बच्चू सिंह बैंसला ने कहा कि अखिल भारतीय गुर्जर महासभा 2027 के चुनावों पर नजर रखकर गांव-गांव प्रचार- प्रसार करते हुए गुर्जर समाज को एकजुट करेंगी तथा सामाजिक जागरूकता के साथ-साथ गुर्जर समाज पंजाब की राजनीति में भी अपनी मजबूत दावेदारी पेश करेगा। उन्होंने कहा कि नशे से मुक्त होकर ही युवा सही मायने में आत्मनिर्भर बन पाएंगे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष स्वर्ण सिंह गुर्जर की अध्यक्षता तथा हुसन चौहान के संचालन में आयोजित बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. मनोज कटारिया, राष्ट्रीय मंत्री राजकुमार सिंह, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य विरेन्द्र कुमार उर्फ विनोद गुर्जर, हरियाणा प्रदेश उपाध्यक्ष सीताराम सिंह सरपंच, संजीव कुमार गुर्जर, प्रियंका मीलू गुर्जर, ओमकार चौहान, भूपेन्द्र सिंह एवं परमप्रीत सिंह सहित सैकड़ों गुर्जर समाज के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# गन्ना छील रही महिला पर गुलदार ने किया हमला



फाइल फोटो

गुलदार के हमले के बाद मौजूद ग्रामीणों की भीड़।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** आज प्रात: गन्ना छील रही एक महिला पर गुलदार ने हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है। अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम हिदायतपुर (चौहड़वाला) में आबादी से कुछ दूरी पर स्थित करन सिंह के खेत में गन्ना छील रही गांव के ही होरी सिंह की पत्नी राजो देवी (45 वर्ष) पर गन्ने के खेत से अचानक निकलकर आए गुलदार ने हमला बोल दिया। गुलदार ने जैसे ही उसकी गर्दन पर झपट्टा मारा वैसे ही पास में मौजूद 15-20 किसानों, मजदूरों ने शोर मचाकर महिला को गुलदार से छुड़ा लिया मगर तब तक गुलदार उसे घायल कर चुका था। सूचना पर तमाम ग्रामीण वहां इकट्ठा हो गए और घायल राजों देवी को उपचार के लिए सीएचसी अफजलगढ़ ले जाया गया। पूर्व प्रधान रमेश राहसिया का कहना है कि यह आदमखोर गुलदार है, जो पहले भी कई लोगों को घायल करने के साथ साथ एक महिला की जान ले चुका है। ग्रामीणों ने यहां पिंजरा लगाकर इसे शीघ्र पकड़ने की मांग की है। नगीना वन रेंज के क्षेत्रीय वन दरोगा सत्यवीर सिंह ने बताया कि मौके पर वनकर्मियों को भेज दिया गया है।

# शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की



**हल्दौर ( चिंगारी )।** नगर में स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के बैनर तले कार्यकर्ताओं द्वारा मां भारती के वीर सपूत शहीद-ए-आजम भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु के शहादत दिवस पर उनके क्रांतिकारी विचारों को याद करते हुए शहीद स्मारक पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व क्रांतिकारी गीत की गोष्ठी आयोजित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाए गए। इस अवसर प कामरेड सभासद रवि कुमार, कमलजीत सिंह, आकाश कश्यप, प्रिंस कश्यप, दिवाकर कश्यप, नितिन कश्यप, वंश राज, अरमान सिद्दीकी, निपेंद्र प्रजापति, अस्मित सिंह, शिवम कश्यप, अनुज दिवाकर, अभिषेक सैनी, तनुज सैनी, एलिस सिंह, रौनक सिंह, चंदू कश्यप, केशव कश्यप, सनी, तुषार कश्यप, लकी, नमन, निपेंद्र कुमार, चिंटू कुमार, संजू कुमार, प्रिंस कुमार, कपिल कुमार, सूर्या राजपूत, ऋषभ रस्तोगी, वीर सिंह, मौहम्मद अयान, विक्की कुमार आदि कंमरेड उपस्थित रहे।

# अफ़ज़लगढ़ में प्लाईवुड फैक्ट्री का उद्घाटन



**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** धामपुर रोड स्थित फैजी कॉलोनी के पास नव स्थापित रॉयल वुड कॉर्पोरेशन विनियर प्लाईवुड फैक्ट्री का उद्घाटन युवा भाजपा नेता व क्षेत्रीय विधायक प्रतिनिधि सर्वजीत सिंह हुंदल ने फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सरवजीत सिंह हुंदल ने कहा कि नगर में प्लाईवुड फैक्ट्री की स्थापना से क्षेत्र के विकास को नई रफ्तार मिलेगी और स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे। उन्होंने फैक्ट्री मालिक नदीम अहमद के इस प्रयास को सराहनीय कदम बताया। इस अवसर पर फैक्ट्री मालिक नदीम अहमद ने कहा कि उनका उद्देश्य नगर और क्षेत्र की जनता की सेवा करना है। उन्होंने बताया कि फैक्ट्री में रोजगार के लिए स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस मौके पर परवेज विकार, जुबैर विकार, अमित कुमार, सुखदेव सिंह, काके, अजविंदर सिंह चीमा, ठेकेदार इदरीस उर्फ बूला, ठेकेदार नसीम अहमद, ठेकेदार शब्बीर अहमद, शराफत हुसैन, मौ. शादाब खान सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# महिला करती थी नशे का कारोबार


# 1.780 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार

**स्योहारा ( चिंगारी )। नशे का कारोबार कर रही महिला को पुलिस ने गांजा पत्ती के साथ गिरफ्तार किया। कई वर्षों से नशे के कारोबार को चला रही महिला पुलिस की पकड़ से दूर थी, लेकिन गत दिवस पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नशीली गांजा पत्तियों सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार ग्राम सदाफल निवासी हुसन जहां पत्नी फरियाद को पुलिस ने मुखबिर की सुचना पर नशे का कारोबार करते पकड़ लिया। उसके पास से 1 किलों 780 ग्राम गांजा पत्ती बरामद हुई। सुत्रों का कहना है कि महिला कई बर्षो से गांजा पत्तियों का कारोबार कर रही थीं। बार बार शिकायत पर भी पुलिस के हाथ कुछ नही लगता था । लेकिन इस बार शिकायत मिलने पर प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह के निर्देश में दरोगा उमेश कुमार ने मुखबिर को लगाया और सफलता मिली। पूछताछ मे महिला ने बताया कि वह गांजा पत्तियों को पहाडों से खरीद कर मगाती थी। पुलिस ने महिला के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की तैयारी कर ली है।**

# उप स्वास्थ्य केन्द्र पर एक परिवार, कब्जा छोड़ने को नहीं तैयार

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** उप स्वास्थ्य केंद्र परिसर पर ग्रामीण परिवार द्वारा कब्जा किए जाने से स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा उत्पन्न हो रही है। संबंधित विभाग द्वारा परिवार को हटाने का प्रयास किया गया, लेकिन परिवार वहां से हटने को तैयार नहीं है, जिसके चलते विभाग ने प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर राजौरी स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में यह स्थित बनी हुई है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी कासमपुरगढ़ी डॉक्टर सर्वेश निराला द्वारा उपजिलाधिकारी को पत्र भेजकर समस्या के समाधान की मांग की गई है। डॉ. निराला ने बताया कि भारत एवं प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उप स्वास्थ्य केंद्रों का कायाकल्प अभियान के तहत एनक्यूएएस मानकों के अनुरूप कराया जा रहा है। उक्त केंद्र के भी एनक्यूएएस के तहत चयन प्रस्तावित है, जिसकी तैयारियां विभाग द्वारा लगभग पूरी कर ली गई है। लेकिन परिसर में परिवार के निवास के कारण कार्य प्रभावित हो रहा है, जिसके चलते उन्होंने उप जिलाधिकारी धामपुर को एक पत्र जारी कर शीघ्र कार्रवाई करते हुए केंद्र को कब्जामुक्त कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि यह कार्य बीती 20 मार्च तक होना था, परंतु कब्जा मुक्त न होने के कारण निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं किया जा सका है, जिसके चलते उनकी आज (मंगलवार) जिलाधिकारी के साथ अवश्य बैठक होनी है।



आवश्यक/महत्वपूर्ण

प्रेषक,
प्रभारी चिकित्सा अधिकारी
प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कासिमपुर गढ़ी
जनपद बिजनौर।

सेवा में,
उपजिलाधिकारी महोदया, धामपुर
जनपद बिजनौर।

पत्रांक- 649

प्रभारी चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी उप जिलाधिकारी को पत्र।

# सौगात : मालन नदी पर बनेगा नया पुल

## 19.22 करोड़ की लागत से सेतु निर्माण को मुख्यमंत्री की मंजूरी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद में विकास की रफ्तार को नई दिशा देते हुए मंडावर-शहजादपुर-रावली ब्रह्मपुरी मार्ग पर मालिन नदी के पुराने रपटे की जगह अब एक मजबूत पुल का निर्माण किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण परियोजना को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वीकृति प्रदान कर दी है, जिससे क्षेत्रीय जनता में खुशी की लहर है।

लोकसभा बिजनौर के सांसद चंदन चौहान के प्रतिनिधि विजय चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त पुल के निर्माण के लिए सांसद चंदन चौहान काफी दिनों से प्रयास कर रहे थे।


सांसद चंदन चौहान

करीब 19 करोड़ 22 लाख की लागत से बनने वाला यह सेतु न केवल आवागमन को सुरक्षित और सुगम बनाएगा, बल्कि बरसात के दौरान आने वाली परेशानियों से भी लोगों को राहत दिलाएगा। वर्षों से स्थानीय लोग पुराने रपटे के कारण जोखिम भरे सफर को झेलने को मजबूर थे, विशेषकर बारिश के समय संपर्क मार्ग बाधित हो जाता था। नये पुल के निर्माण से मंडावर, शहजादपुर और रावली, ब्रह्मपुरी क्षेत्र के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही यह मार्ग क्षेत्रीय व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य आवश्यक गतिविधियों को भी गति प्रदान करेगा। ग्रामीण अंचलों के लोगों के लिए यह परियोजना विकास की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। स्थानीय लोगों ने इस सौगात के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि पुल बनने से क्षेत्र में विकास के नये रास्ते खुलेंगे और आवागमन में लगने वाला समय भी कम होगा। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ किए जाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी, जिससे निर्धारित समय में परियोजना को पूरा कर जनता को समर्पित किया जा सके।

# शिविर लगाकर 36 मरीजों का लैंस प्रत्यारोपण के लिये चयन किया



**हल्दौर ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब हल्दौर की ओर से सीडी इंटर कॉलेज में निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश के सहयोग से लगाए गए निःशुल्क लैंस प्रत्यारोपण शिविर में 36 मरीजों का चयन कर उन्हें ऋषिकेश भेजा गया।

कैंप चेयरमैन रोटेरियन जितेंद्र कुमार मारवाड़ी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट की टीम ने 97 मरीजों का निःशुल्क चैकअप किया, जिनमें से 36 मरीजों को निःशुल्क लैंस प्रत्यारोपण के लिए छांटा गया और जिन्हें रविवार को ऋषिकेश भेज दिया गया। इस कैंप में मरीजों का ऑपरेशन, लैंस प्रत्यारोपण, दवाई, भोजन, आना-जाना सभी निःशुल्क रहेगा। ऋषिकेश से आई टीम में टीम इंचार्ज संजय बर्थवाल, शुभम, महेंद्र, कुलविंदर और रामकिशोर आदि का विशेष सहयोग रहा। रोटरी क्लब की ओर से क्लब अध्यक्ष नवीन कुमार एडवोकेट, प्रवीण रस्तोगी, देवेंद्र रस्तोगी, प्रदीप कुमार, अनिल सिंह, अभिषेक कुमार, डॉ. राजीव शरण रस्तोगी, सुरेंद्रपाल सिंह, डॉ. हेमचंद राणा, अरुण कुमार शर्मा व भवानी प्रसाद मारवाड़ी आदि का सहयोग रहा।


# बहन के घर ईद मिलने आई युवती को तेजाब पिलाया!

**नहटौर ( चिंगारी )।** अपनी बहन के घर ईद मिलने आई एक युवती के साथ दबंगों ने मारपीट करते हुए उसे जान से मारने की नीयत से तेजाब पिला दिया। गंभीर हालत में युवती को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार सोमवार को ग्राम चुचेला निवासी फ़िज़ा अपनी बहन शबाना के घर अलीनगर ईद मिलने आई थी। आरोप है कि देर शाम पुरानी रंजिश को लेकर कुछ दबंगों ने घर में धावा बोल दिया। शबाना ने बताया कि हमलावरों ने फ़िज़ा के साथ बेरहमी से मारपीट की और उसे जबरन तेजाब पिलाने की कोशिश की। युवती की चीख-पुकार सुनकर जब तक ग्रामीण इकट्ठा हुए। आरोपी मौके से फरार हो चुके थे। पीड़िता को तत्काल सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर पुलिस से पहले भी कई बार शिकायत की जा चुकी थी। लेकिन पुलिस द्वारा समय रहते ठोस कार्रवाई न किए जाने के कारण हमलावरों के हौसले बुलंद हो गए। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस गांव में पहुंच गई, जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# कर्ज के बोझ से होकर परेशान फांसी लगाकर दे दी जान

## आम के बाग में पेड़ से लटका मिला शव

**पैजनिया ( चिंगारी )।** हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव फजलपुर ढाकी निवासी एक अधेड़ व्यक्ति ने चांदपुर के एक आम के बाग में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि मृतक कर्ज को लेकर मानसिक तनाव में था। गांव फजलपुर ढाकी निवासी जाबिर (40 वर्ष) पुत्र अब्दुल रहमान उर्फ बुन्दू गांव में परचून की दुकान चलाने के साथ ही चांदपुर क्षेत्र में आम के बाग की ठेकेदारी करता था, साथ ही वह कमेटी डालने का काम भी करता था। ग्रामीणों के मुताबिक जाबिर की पत्नी काफी समय से कैंसर से पीड़ित है, उसके इलाज को लेकर जाबिर पर करीब 20 लाख से अधिक का कर्ज हो चुका था। सोमवार की शाम को जाबिर घर से आम के बाग की धुलाई करने के लिए कहकर निकाला था, परंतु देर रात तक न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश की तो चांदपुर में मुनीर के बाग में उसकी बाइक खड़ी देखी और पास में ही जाबिर का शव फांसी के फंदे पर झूलता मिला।



जिसे देख परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची चांदपुर पुलिस ने मृतक के शव को नीचे उतारा। बताया जाता है कि जाबिर ने 2 दिन पूर्व भी आत्महत्या का प्रयास किया था। थाना प्रभारी निरीक्षक चांदपुर ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भिजवाया गया है। इस संबंध में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# 2 अप्रैल को छात्राओं को साइकिलों का वितरण करेगा आभा फाउंडेशन

**चांदपुर ( चिंगारी )।** सामाजिक संस्था आभा फाउंडेशन के तत्वावधान में 2 अप्रैल को फादरसन पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं में साइकिलों का वितरण किया जाएगा।


श्रीमती आभा सिंह

फाउंडेशन की संस्थापिका श्रीमती आभा सिंह ने बताया कि वर्ष 2024-25 में यूपी बोर्ड 10वीं एवं 12वीं की छात्राओं के साथ-साथ 8वीं, 9वीं व 11वीं की छात्राओं को भी साइकिल का वितरण किया जाएगा। रजिस्ट्रेशन 31 मार्च तक होंगे। चयनित छात्राओं को 6300 रुपये मूल्य वाली साइकिल दी जाएगी।

मालूम हो कि आभा फाउंडेशन की ओर से एक ओर जहां 100 से अधिक गरीब कन्याओं का विवाह कराया जा चुका है, वहीं प्रत्येक वर्ष हजारों की तादाद में लिहाफ का वितरण किया जाता है। नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन कर जहां हजारों लोगों में चश्मों का वितरण किया जा चुका है, वहीं सैकड़ों लोगों के मोतियाबिंद के आप्रेशन भी कराये जा चुके हैं।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 21 शिकायतें दर्ज की गईं

## डीएम ने निस्तारण के सख्त निर्देश दिये

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य है कि जिला स्तरीय समस्याओं का एक ही स्थान पर मौके पर निस्तारण किया जाए और यदि ऐसा संभव न हो तो एक सप्ताह के भीतर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

तहसील नजीबाबाद के कवि दुष्यंत कुमार सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने भूमि विवाद, राजस्व, पुलिस, विकास एवं अन्य विभागों से संबंधित शिकायतों को



प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी और संतोषजनक समाधान होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी बरती जाए तथा निस्तारण के साथ शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी सुनिश्चित की जाए। यदि किसी शिकायत का समाधान संभव न हो तो उसका स्पष्ट कारण दर्ज कर शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में कुल 21 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 1 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह, परियोजना निदेशक दिनकर भारती, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

चिंगारी

(सांध्य दैनिक) बिजनौर, 24 मार्च 2026 

# बिजनौर में है वेश्या का बनवाया मंदिर


**आ**ज की पीढ़ी को पता नहीं बिजनौर जैसे छोटे शहर में कभी वेश्याओं का पूरा मुहल्ला था। इस मुहल्ले में एक वेश्या बनवाया मंदिर आज भी है।

शहर में पुरानी तहसील से आगे रम्मू हलवाई का चौराहा है। कभी यहां रम्मू हलवाई की दुकान थी। उसी के नाम पर चौराहे का नाम पड़ गया। रम्मू के चौराहे से पूरब की साइड में कभी सड़क के दोनों ओर वेश्याओं की बस्ती थी। इस चौराहे से अगले चौक तक उनके ही घर थे। अधिकतर छोटी-छोटी कोठरियां थीं। संपन्न वेश्यों के मकान कुछ बड़े थे। मुस्लिम काल तक ये मकान में रहकर गाना-बजाना कर ये लोगों का मनोरंजन करती थीं। कुछ पेशा कर अपना जीवन यापन करती थीं।

यह यहां कब आकर बसीं यह कोई नहीं जानता। प्राचीन ग्रंथों में 'गणिका' और 'नगरवधू' (जैसे वैशाली की आम्रपाली) का उल्लेख मिलता है। मुगल काल के दौरान यह 'तवायफ' संस्कृति और कोठों के रूप में अधिक संस्थागत हो गई। हालांकि शुरुआत में ये कला, संगीत और नृत्य के केंद्र थे, लेकिन धीरे-धीरे ये शारीरिक शोषण और वेश्यालयों में तब्दील हो गए। इस प्रथा में सबसे अधिक संगठित वृद्धि और इसका बाज़ारीकरण ब्रिटिश औपनिवेशिक काल में हुआ। अंग्रेजों ने अपने सैनिकों की सुविधा के लिए सैन्य छावनियों (Cantonments) के पास 'चकला' (वेश्यालय) स्थापित किए। 1864 के 'कैंटोनमेंट एक्ट' के तहत ब्रिटिश सरकार ने इसे बकायदा रेगुलेट किया। इसी दौर में राजघरानों का पतन होने के कारण संरक्षण खो चुकीं पारंपरिक नर्तकियों और 'देवदासियों' को मजबूरी में देह व्यापार की ओर धकेल दिया गया। इससे रेड-लाइट एरिया की अवधारणा का विस्तार हुआ।

लगता है कि बिजनौर में यह एरिया मुस्लिम काल में विकसित हुआ और अंग्रेजों के समय तक खूब फला-फूला। इस चौराहे से आगे चौराहा पार करते ही चौधरियों का बनवाया हुआ मंदिर है। बताते हैं कि यह वेश्याएं पूजा-पाठ के लिए चौधरी के मंदिर में जातीं तो चौधरी उन्हें रोकते। चौधरी परिवार के ही भाजपा पदाधिकारी विनय राणा कहते हैं कि उनके परिवार के बुजुर्ग को पूजा के लिए वेश्याओं का अपने मंदिर में आना पसंद नहीं था, वे विरोध करते थे।

ऐसे में सवाल था कि ये पूजा के लिए कहां जाएं? इन्हीं वेश्याओं में से एक संपन्न वेश्या ने अपने मुहल्ले में मंदिर बनाना तय किया। यह मंदिर इसी रोड पर तंबाकू वालों के घर से आगे बना। बताया जाता है कि इस मोहल्ले की प्रसिद्ध मोती रंडी ने ये मंदिर बनवाया। इस पर उसका नाम भी लिखा था।



## डेढ़ सौ-दो सौ साल पुराना है मंदिर

यह शिव मंदिर है, मंदिर के आंगन में कुआं भी है। कुएं को जाल डालकर बंद करवा दिया गया। इस कुएं में पेड़ निकल आये हैं किंतु कुएं में चमकती छोटी ईंट यह बताती हैं की कुआं डेढ़ सौ से 200 साल पुराना है। मंदिर की दीवारें भी मोटीं हैं। मंदिर भी इसी दौर का होगा। इस मोहल्ले से वेश्या कब चलीं गईं यह कोई नहीं बताता। बस सभी बताते हैं कि मोहल्ला वेश्याओं का था। वेश्या गईं तो मंदिर की देख-रेख करने वाला भी कोई नहीं रहा। वेश्याओं के घर बिक गए, उनकी जगह और लोग आ गए। आज यहां बड़े-बड़े भव्य मकान बन गए। यहां रहने वालों ने खस्ता हो चुके मोती रंडी के बनवाए हुए मंदिर का सौंदर्यकरण कराया। बनाने वाली मोती का नाम गायब हो गया। यहां पंडित जी के लिए भी कमरा बन गया है। कुछ नई मूर्तियां लग गईं। काफी तरक्की हुई। मंदिर की दीवारें पुराने भवनों की जरह लगभग एक गज मोटी हैं।

1956 (स्वतंत्रता के बाद) भारत सरकार ने सबसे बड़ा कानूनी कदम उठाते हुए 'अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम' (SITA) पारित किया (जिसे 1986 में ITPA नाम दिया गया)। इसके तहत वेश्यालय चलाना, दलाली करना और वेश्यावृत्ति के लिए मानव तस्करी को सख्त अपराध घोषित किया गया। लगता कि इसके बाद सरकार की सख्ती और आर्य समाज के आंदोलन के कारण ये बाजार बंद हुआ।

इसी क्षेत्र के रहने वाले 93 वर्षीय पत्रकार वीपी गुप्ता स्वीकारते  हैं कि रम्मू के चौराहे से पूरब में कभी वेश्या रहती थीं। इनमें से एक वेश्या ने पूजा पाठ के लिए मंदिर बनवाया था। मंदिर पर उसका नाम भी खोदा हुआ था। चौराहे के पास के रहने वाले संजय गुप्ता एडवोकेट भी बताते हैं कि यहां कभी वेश्याओं का बाजार था। मंदिर के पास के सबसे बुजुर्ग राजेंद्र शर्मा के अनुसार मंदिर बनवाने वालीं वेश्या का नाम मोती था।



कभी इस क्षेत्र में रहे वरिष्ठ पत्रकार शिवकुमार शर्मा भी ऐसा ही बताते हैं। वेश्याओं के रहने की बात सब स्वीकारते हैं किंतु वे यहां से कब गईं, कोई नहीं बता पाता। नई बस्ती में भी करबला के पास एक गली में वेश्या का मकान था। इसे एक शिक्षक ने बाद में खरीद लिया था।

**अशोक मधुप**

## हे देवी, सबके मन को प्रसन्न कर दो




दुखों के अंधेरों को दूर कर दो  
हर हृदय में नई आस जगाओ,  
जीवन में शक्ति और विश्वास भर दो  
नवरात्रि के पावन आगमन पर,  
माँ तुम अपनी कृपा बरसाओ,  
हर घर में सुख-शांति बरसाओ,  
और सबको अपनी शरण में समेट लो  
माँ के चरणों में जो झुक जाता है,  
उसका हर संकट दूर हो जाता है  
भक्ति की ज्योत जो दिल में जलती है,  
उसका जीवन नूर से भर जाता है  
तेरी रहमत का जो साया मिल जाए,  
हर मुश्किल का रास्ता खुल जाए  
तेरे दर से जो खाली लौट न पाए,  
उसका दामन खुशियों से भर जाए

-मिस हुसैन

### आज का विचार

## ईद आई और चली भी गई, लेकिन हामिद वहीं खड़ा रहा



-सत्यराज

**गु** त्यौहार हमारी सामाजिक परंपराओं के उल्लास और सामूहिक संवेदनाओं के सर्वोत्तम मंच होते हैं। समाज आज आर्थिक रूप से भले ही काफी मजबूत हो चुका है, लेकिन प्रसिद्ध कहानीकार मुंशी प्रेमचंद की कहानी ईदगाह का बालक हामिद आज भी इन रिश्तों की संवेदनशीलता, त्याग और दूसरों की खुशी में अपनी खुशी तलाशना, जैसी भावनाओं के साथ समाज में खड़ा है। ईदगाह के किरदार हामीद के पास मेला देखने के लिए मात्र तीन पैसे होते हैं। मेले में मौजूद अन्य बच्चे अपने पैसे अपने मनोरंजन में उड़ा रहे होते हैं, लेकिन हामिद अपनी बूढ़ी दादी के लिए एक चिमटा खरीद लेता है। उसे मेले में भी अपनी दादी की वह पीड़ा याद रहती है, जब घर में चिमटा न होने के कारण दादी चूल्हे से रोटी निकालती है, इसमें दादी के हाथ बार-बार जलते हैं। रिश्तों की मार्मिक अनुभूति लिए हमीद चिमटा खरीदकर, जब अपनी दादी को देता है तो दादी की आंखों में आंसू बहने लगते हैं। रिश्ते की संवेदनशीलता की पराकाष्ठा है यह। हामिद कहानी का केवल एक किरदार ही नहीं, बल्कि आज भी समाज में हजारों हमीद होंगे, जो बदलते सामाजिक परिवेश में भले ही आर्थिक स्तर पर प्रेमचंद के हामिद से ज्यादा संपन्न हो गए हैं, लेकिन पारिवारिक और सामाजिक रिश्ते आज भी यथावत हैं। प्रेम और त्याग की जरूरत आज भी घर पर बैठे लाखों दादी-दादी, माता-पिता या अन्य जर्जर मन और तन लिए आपके घर पर अकेलेपन की परिधि में जी रहे होंगे ।



हामिद ने अपनी दादी की जरूरत को समझा। बच्चा होते हुए भी उसने मेले का आनंद न लेकर दादी के लिए चिमटा खरीदा। आज के हामिद की जेब में तीन पैसे की जगह 3 हजार या उससे भी अधिक रुपए आ चुके हैं। बाहर महंगे-महंगे होटल, मॉल और अन्य पर्यटन स्थल मौजूद हैं। खूब खर्च कर सकते हैं, आपका अपना मसला है, लेकिन आपके अंदर जो एक हामिद बैठा है, उसको जरूर जिंदा रखिए। घर-परिवार में जो बूढ़े हैं, बस उनके लिए प्यार और सम्मान के साथ कुछ न कुछ उपहार जरूर ले जाकर दें, उनकी रोजमर्रा की तबीयत के बारे में पूछें और जिंदगी की शाम के उन मुसाफिरों के अनुभवों से कुछ सीखें। आपको ईद जैसे त्यौहारों की खुशी बार-बार मिलती रहेगी।

# अपनी कला से इतिहास रच रहीं प्रियांशी

नितिन दिनेश कौशिक

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** जहां आज के दौर में युवा आधुनिकता की दौड़ में अपनी परंपराओं से दूर होते जा रहे हैं, वहीं कालागढ़ की युवा कलाकार प्रियांशी सिंघल अपनी कला के माध्यम से भारतीय संस्कृति और आस्था को जीवंत बनाए रखने में जुटी हैं।

वर्क चार्ज कॉलोनी कालागढ़ निवासी प्रियांशी सिंघल (26 वर्ष) एम.एससी (बायोलॉजी) की शिक्षा प्राप्त करने के बाद प्राचीन कला केंद्र चंडीगढ़ से फाइन आर्ट की पढ़ाई कर रही हैं। बचपन से ही कला के प्रति रुचि रखने वाली प्रियांशी ने अपनी प्रतिभा को साधना और समर्पण के साथ निखारा है। कोरोना काल से शुरू हुई उनकी कला यात्रा आज एक पहचान बन चुकी है। वह हर वर्ष गणेश चतुर्थी के अवसर पर अपने हाथों से भगवान गणेश की सुंदर और आकर्षक प्रतिमाएं बनाती हैं। उनकी बनाई प्रतिमाओं में केवल शिल्प ही नहीं, बल्कि भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिलता है।



प्रियांशी सिंघल को सम्मानित करतीं उत्तराखण्ड विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती ऋतु खंडूरी भूषण। (फाइल फोटो)

प्रियांशी के कला जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव महाशिवरात्रि के अवसर पर आया। जब उन्हें समुद्र तल से 465 मीटर की ऊंचाई पर एक विशाल त्रिशूल को आकार देने का अवसर मिला। यह कार्य सिंचाई विभाग कालागढ़ के वरिष्ठ असिस्टेंट इंजीनियर मनोज लिखवार के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस ऐतिहासिक कार्य ने उन्हें एक नई पहचान दिलाई और उनके आत्मविश्वास को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उनकी प्रतिभा को देखते हुए उन्हें विभिन्न मंचों पर कई बार सम्मानित भी किया जा चुका है।

**प्रियांशी सिंघल मानती हैं कि कला केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और परंपराओं को सहेजने का एक सशक्त जरिया है। उनकी लगन और मेहनत यह साबित करती है कि यदि सच्चे मन से प्रयास किया जाए तो सफलता अवश्य मिलती है। स्थानीय लोगों रामकुमार, योगेश सैनी, विकास जैन, दीपक रुहेला आदि का कहना है कि प्रियांशी जैसी युवा प्रतिभाएं क्षेत्र का नाम रोशन कर रही हैं और आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत बनती जा रही हैं।**

## राजधानी लखनऊ में पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय का शुभारम्भ 12 अप्रैल को

**प्रदेश कार्यालय स्थापित होने से व्यापारियों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने में होगी आसानी- मुकुल अग्रवाल**

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल जनपद लखनऊ की एक अतिआवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष सरदार सतविंदर सिंह की अध्यक्षता एवं क्षेत्र के प्रतिष्ठित समाजसेवी अरुण शुक्ला एडवोकेट के संचालन में पंडितखेड़ा स्थित सतवेन्द्र कॉम्प्लेक्स पर संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 12 अप्रैल को पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय का शुभारंभ पंडित खेड़ा में किया जाएगा। कार्यक्रम की समीक्षा हेतु आहूत बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल ने कहा कि संगठन का प्रदेश की राजधानी में कार्यालय स्थापित होना संगठन की बहुत बड़ी उपलब्धि है, इससे प्रदेश के व्यापारियों की समस्याओं को सरकार तक बात पहुंचाने में आसानी होगी। साथ ही संगठन की सक्रियता को बल मिलेगा। प्रदेश महामंत्री ने खाद्य विभाग द्वारा व्यापारियों के सैंपल के नाम पर अवैध वसूली करने, व्यापारी सुरक्षा आयोग बनाने, जैसी मांगों पर भी बल दिया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि 12 अप्रैल को प्रदेश कार्यालय के शुभारंभ समारोह में 40 जनपदों के व्यापारी प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। प्रदेश महामंत्री ने जिला अध्यक्ष सरदार सतविंदर सिंह की संस्तुति पर लखनऊ जनपद में महिला मोर्चा का गठन करते हुए श्रीमती पूनम चौरसिया को महिला मोर्चा का लखनऊ जिला अध्यक्ष मनोनीत किया ।

## अज्ञात वाहन की टक्कर में बाइक सवार दो युवकों की मौत

**दोनों युवक एक बाइक पर सवार होकर गांव नैनपुरा सराय जा रहे थे**



नगीना में दो युवकों की मौत के बाद अस्पताल में जमा भीड़।

**नगीना (चिंगारी)। अज्ञात वाहन की टक्कर में बाइक सवार नगर के मोहल्ल सेवा वाली गांवड़ी निवासी दीपू (22 वर्ष) व हेमराज (19 वर्ष) की मौत हो गई। दोनों मृतक युवक एक ग्राम नैनपुरा सराय में एक व्यक्ति से अपने रुपये लेने बाइक द्वारा जा रहे थे। सोमवार की शाम करीब सात बजे नगर के मोहल्ल सेवा वाली गांवड़ी निवासी दीपू 22 वर्ष व हेमराज 19 वर्ष एक बाइक पर ही सवार होकर ग्राम नैनपुरा सराय में एक व्यक्ति से अपने रुपये लेने जा रहे थे। बताया जाता है कि जब उनकी बाइक नगीना- नहटौर मार्ग पर ग्राम धर्मशाला नंगली से आगे पहुंची तो अज्ञात वाहन से बाइक की टक्कर हो गई। इस घटना में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रुप से घायल होकर सड़क पर गिर गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तथा दोनों घायल युवकों को अपनी गाड़ी से नगीना सरकारी अस्पताल लेकर पहुंची, जहां चिकित्सकों ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद सैकड़ों की संख्या में सेवा वाली गांवड़ी के लोग मृतक के परिजनों के साथ अस्पताल पहुंच गए तथा परिजनों में चीख पुकार मच गई। थाना अध्यक्ष अवनीत मान ने बड़ी मुश्किल से बाद गम में डूबे परिजनों को शांत किया।**

## योगी ने की मेट्रो परियोजनाओं की समीक्षा, दिये समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण कार्य के निर्देश

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को प्रदेश में संचालित मेट्रो परियोजनाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को आधुनिक, सुगम और विश्वस्तरीय शहरी परिवहन व्यवस्था में देश का अग्रणी राज्य बनाना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन और संबंधित विभागों के बीच नियमित समन्वय बैठकों पर बल देते हुए कहा कि निर्माण से लेकर संचालन तक हर स्तर पर दक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। योगी ने कहा कि मेट्रो परियोजनाएं केवल आवागमन का माध्यम नहीं, बल्कि शहरी अर्थव्यवस्था को गति देने और निवेश आकर्षित करने का प्रभावी साधन हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि मेट्रो को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए आय के नये स्रोत विकसित किए जाएं। स्टेशनों और परिसरों में मल्टीलेवल पार्किंग, रिटेल, फूड कोर्ट और ऑफिस स्पेस को बढ़ावा देने, विज्ञापन और डिजिटल ब्रांडिंग के अवसरों का अधिकतम उपयोग करने तथा परिसंपत्तियों के बेहतर इस्तेमाल पर जोर दिया गया।

## प्रोफेसर फूलसिंह चौधरी को जिला उपाध्यक्ष बनाये जाने से समर्थकों में हर्ष



**बिजनौर (चिंगारी)। कोतवाली देहात के पूर्व ब्लॉक प्रमुख एवं क्षेत्रीय संयोजक भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रोफेसर फूलसिंह चौधरी को भारतीय जनता पार्टी का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किये जाने से उनके समर्थकों तथा पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। फूलसिंह चौधरी का कई स्थानों पर स्वागत किया गया, जबकि फूलसिंह चौधरी ने अपनी नियुक्ति के लिये जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी एवं शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। बता दें कि फूलसिंह चौधरी वर्ष 2002 से राजनीति के क्षेत्र में सक्रिय हैं। मूल रूप से बढ़ापुर क्षेत्र के ग्राम नूरपुर अरब निवासी फूलसिंह चौधरी उच्च शिक्षित राजनेता हैं। उन्होंने तीन विषयों- हिन्दी, राजनीतिक शास्त्र व समाजशास्त्र में एमए किया है तथा बीएड, एलएलबी, एलएलएम, पीएचडी (विधि) की उपाधि प्राप्त प्रोफेसर हैं। विधि सलाहकार के रूप में भी उनकी पहचान है। फूलसिंह चौधरी का कहना है कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, वे उसे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएंगे तथा हाईकमान के हर निर्देश का पालन करेंगे।**

## स्पेशल एजुकेटर ने डीसी पर मारपीट का आरोप लगाया

**बिजनौर (चिंगारी)।** नगर के नगीना रोड स्थित मालतीनगर निवासी कल्लू सिंह पुत्र बलजीत सिंह ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना-पत्र देकर बीएसए कार्यालय में कार्यरत डीसी लियाकत व मुजफ्फर पर अभद्रता व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। कल्लू सिंह ने बताया कि वह बीएसए कार्यालय में सर्वशिक्षा अभियान के अंतर्गत स्पेशल एजुकेटर के पद पर कार्यरत हैं। उनके मूल अभिलेख सन् 2020 से डीसी लियाकत ने रख रखे हैं। कई बार मांगने पर भी उनके मूल अभिलेख वापस नहीं किये जा रहे। गत 13 मार्च को कल्लू सिंह जब डीसी से मिले तो उन्होंने गाली-गलौच करते हुए कार्यालय से बाहर निकाल दिया और मारपीट की। कल्लू सिंह का यह भी आरोप है कि लियाकत व मुजफ्फर ने उनका गला दबाने का भी प्रयास किया और धक्के देकर नीचे गिरा दिया। वह शिकायत करने पुलिस चौकी आवास विकास गये, लेकिन वहां उनकी सुनवाई नहीं हुई। कल्लू सिंह ने पुलिस अधीक्षक से आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने तथा अपनी जान-माल की सुरक्षा का इंतजाम करने की मांग की है।

# शिक्षा का गुणवत्तापूर्ण होना आवश्यक- प्रो. सचिन माहेश्वरी

## आरबीडी महाविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय एवं उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान एवं शिक्षक शिक्षा विभाग के संयोजन में चैलेंजेस फॉर क्वालिटी हायर एजुकेशन इन प्रेजेंट सिनेरियो विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई।

संगोष्ठी के प्रथम दिवस का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि फैकल्टी ऑफ एजुकेशन कुमाऊं विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के डीन एवं प्रोफेसर जे.के. जोशी, बीज वक्ता गुरु घासीदास विश्विद्यालय केंद्रीय विश्विद्यालय, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ के शिक्षक शिक्षा विभाग के प्रोफेसर सुजीत कुमार मिश्रा, मुख्य वक्ता दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षक शिक्षा विभाग के प्रो. गौरव राव, मुख्य वक्ता, कुंवर सत्य वीरा डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह कौरव, वर्धमान कॉलेज बिजनौर की प्राचार्या प्रोफेसर प्रीति खन्ना, कुंवरानी प्रेमा सत्यवीरा कन्या इंटर कॉलेज, बिजनौर की सचिव स्वाति वीरा महाजन, प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी, प्रबंध समिति के सदस्य प्रवीण गुप्ता एवं संगोष्ठी के समन्वयक डॉ. सुरेश सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर ऑनलाइन माध्यम से जुड़े गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के कुलपति प्रो. सचिन माहेश्वरी ने कहा कि शिक्षा वह है जो मनुष्य को मनुष्य बनाती है। अत: शिक्षा का गुणवत्ता पूर्ण होना अतिआवश्यक है। राष्ट्र केवल संख्या से नहीं बनता बल्कि चरित्र, गुण और विवेक से बनता है।

इसी क्रम में प्रोफेसर जे.के. जोशी ने अपने वक्तव्य में कहा कि संगोष्ठी के माध्यम से प्रश्नों के उत्तर देना सही है, लेकिन किसी भी संगोष्ठी की सार्थकता तब है जब उत्तरों से प्रश्न खड़े किए जाएं। प्रोफेसर सुजीत कुमार मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक और छात्र के मध्य की दूरियों को कम करने पर बल दिया।

प्रोफेसर गौरव राव ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि शिक्षण संस्थान वर्तमान समय में अनेक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। स्वाति वीरा महाजन ने अपने वक्तव्य में कहा कि हम सभी किसी न किसी रूप में शिक्षक की भूमिका निभा रहे हैं। इसी क्रम में प्रो. प्रीति खन्ना ने भी उच्च शिक्षा के क्षेत्र में वर्तमान क्षेत्र में चुनौतियों पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार पाना रह गया है।

भोजनावकाश के बाद ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया। प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता वर्धमान कॉलेज बिजनौर की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. निदा खान, आरएसएम कॉलेज धामपुर असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अनिल यादव ने की। द्वितीय तकनीकी सत्र की अध्यक्षता वर्धमान कॉलेज बिजनौर के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. धर्मेंद्र बीआईटी कॉलेज के शिक्षक शिक्षा विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. कावेंद्र ने की। तकनीकी सत्र में कुल 40 शोध पत्र पढ़े गए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शताक्षी, डॉ. दीपा एवं डॉ. आस्था प्रताप, डॉ. शीबा ने किया। कार्यक्रम को संपन्न कराने में आयोजन समिति के सदस्य डॉ. नजमुनिसा, डॉ. सारिका, डॉ. शिरीन, डॉ. प्रताप सिकदर सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों का योगदान रहा।

# सपा कार्यालय में राम मनोहर लोहिया की 116वीं जयंती मनाई



**बिजनौर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर महान स्वतंत्रता सेनानी एवं समाजवादी विचारक डॉ. राम मनोहर लोहिया की 116वीं जयंती के अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद हुसैन ने की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि डॉ. लोहिया के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और हमें उनके पदचिह्नों पर चलते हुए समाजवादी विचारधारा को मजबूत करना चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी मतभेद भुलाकर समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने तथा वर्ष 2027 में समाजवादी पीडीए सरकार बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

विचार गोष्ठी का संचालन धनंजय यादव ने किया। इस अवसर पर सत्यपाल सिंह, अखलाक पप्पू, प्रभा चौधरी, शमसाद अंसारी, मदनलाल सैनी, दिनेश चौधरी, हनी फैसल, वी.के. कश्यप एडवोकेट, डॉ. योगेंद्र चौधरी, शहजाद आलम अंसारी, तरुण लांबा, श्लोक पवार, कमलेश भुईयार, अशोक आर्य, कृपारानी प्रजापति, मनोज राजपूत, नमन कुमार, विमलेश चौधरी, रहीश कस्सार, सलमानी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कुकिंग गैस की किल्लत है भरपूर दुकानदार भट्‌टी बनाने को मजबूर

**स्योहारा ( चिंगारी )।** नगर में बढ़ती गैस की किल्लत के बीच मिठाई आदि की दुकान करने वालों ने भट्टी बनाना शुरू कर दिया है। दो दशक पूर्व जब इस तरह ही गैस की समस्या रहती थी, तब भी दुकानदार भट्‌टी पर ही मिष्ठान तैयार करते थे। दुकानदार ने बताया कि गैंस एजेंसी पर गैस की दिक्कत है। गैस नहीं मिल रही है, जिसके चलते रोजी-रोटी की समस्या आ सकती है, इसलिए फिर से कोयले की भट्‌टी बनाने को मजबूर हुए हैं। उधर, घरों में भी गैस की किल्लत होने लगी है।



# सुसाइड नोट लिखकर घर से निकली पलक का अभी नहीं लगा सुराग

**बैराज के गेट नम्बर 7 के पास मिली थी चप्पल**

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सुसाइड नोट लिखकर घर से निकली 27 वर्षीय युवती का अभी कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस व पीएसी के गोताखोरों ने गंगा में पलक को तलाश किया। युवती की चप्पल बिजनौर गंगा बैराज पर मिलने के बाद उसके गंगा में कूदने की आशंका जताई जा रही है।

मोहल्ला जाटान निवासी सचिन की पुत्री पलक रविवार सुबह अचानक घर से लापता हो गई। परिजनों को उसके कमरे से एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें उसने घर छोड़कर जाने और मरने की इच्छा जताई थी। नोट मिलने के बाद परिवार ने तुरंत शहर कोतवाली में सूचना दी।

पुलिस की जांच में सामने आया कि सुबह करीब पांच बजे पलक रोडवेज बस से बैराज के पास उतरी थी। सीसीटीवी फुटेज में वह गेट नंबर तीन तक पुल पर पैदल जाते हुए दिखाई दी, जबकि आगे का क्षेत्र कैमरों की जद में नहीं था। जांच के दौरान बैराज के गेट नंबर सात के पास युवती की चप्पल रखी मिली, जिसके बाद गंगा में छलांग लगाने की आशंका और मजबूत हो गई। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि युवती के लापता होने के संबंध में गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। युवती को तलाश किया जा रहा है। उसे गंगा में तलाश किया गया, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

## पेपर मिल और शुगर यूनिट पर इनकम टैक्स का बड़ा छापा

# 3 करोड़ की नकदी, 20 करोड़ की ज्वैलरी बरामद

**बिजनौर ( चिंगारी )।** इनकम टैक्स विभाग की इन्वेस्टिगेशन विंग (मेरठ यूनिट) ने पेपर और शुगर उद्योग से जुड़े बड़े समूह बिंदल पर छापेमारी कर भारी टैक्स चोरी का खुलासा किया है। यह कार्रवाई इनकम टैक्स एक्ट 1961 की धारा 132 के तहत की गई।

18 मार्च 2026 से शुरू हुए इस सर्च ऑपरेशन में दिल्ली, मुजफ्फरनगर और बिजनौर समेत कई स्थानों पर छापे मारे गए। कार्रवाई का केंद्र मेसर्स बिंदल्स पेपर्स मिल्स लिमिटेड और उससे जुड़ी कंपनियां रहीं। मुजफ्फरनगर की कई बड़ी पेपर मिलों के साथ बिजनौर जनपद के गांव चांगीपुर स्थित शुगर यूनिट की भी गहन जांच की गई।

छापेमारी के दौरान विभाग को 3 करोड़ से अधिक का बेहिसाब नकद और 20 करोड़ से ज्यादा की ज्वैलरी बरामद हुई। इसके अलावा 50 से अधिक अचल संपत्तियों के दस्तावेज भी मिले हैं।

जांच में सामने आया कि खोई सहित कच्चे माल की बिना हिसाब खरीद की गई, वहीं पेपर सेक्टर में 50 करोड़ से अधिक की फर्जी खरीद का मामला भी उजागर हुआ है। विभाग को शुगर यूनिट में बिना हिसाब बिक्री और संदिग्ध नकद लेनदेन के साक्ष्य भी मिले हैं, जिनका उद्देश्य वास्तविक मुनाफा छिपाना बताया जा रहा है।

## कर छूट में 171 करोड़ के दावे पर सवाल

**जांच में धारा 80 के तहत 171.3 करोड़ की कर छूट का गलत दावा भी सामने आया है। अधिकारियों के अनुसार समूह अलग-अलग इकाइयों के लिए पृथक लेखा पुस्तिकाएं रखने में विफल रहा, जिससे कर लाभ की पात्रता संदिग्ध हो गई है। इनकम टैक्स विभाग ने सर्च ऑपरेशन पूरा कर लिया है और अब पोस्ट-इंवेस्टिगेशन चरण में जांच जारी है। प्रमुख कर्मचारियों और निदेशकों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं, जिससे वित्तीय अनियमितताओं की पूरी तस्वीर सामने आ सके।**

# सन शाइन पब्लिक स्कूल में नन्हें मुन्ने बच्चों के लिए किड्स जॉन का शुभारंभ

नजीबाबाद (चिंगारी)। ग्राम फजलपुर तबेला स्थित सन शाइन पब्लिक स्कूल में नन्हें मुन्ने बच्चों के लिए किड्स जॉन का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी सुबोध पाराशर ने किया। इस मौके पर सुबोध पराशर ने कहा कि ग्रामीण अंचल में बच्चे आधुनिक अंग्रेजी माध्यम शिक्षा के साथ खेल-खेल में शिक्षा पा सकेंगे। उन्होंने इस विद्यालय के शुभारंभ से अब तक ग्रामीण क्षेत्र के लिए किये जा रहे उल्लेखनीय प्रयास की सराहना की। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को शिक्षित करने व उनके उज्जवल भविष्य के लिए समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। स्कूल के प्रबंधक विनोद मित्तल ने अभिभावकों को आश्वस्त किया कि वह बेहतर शिक्षा के लिए समर्पित है। सभी के सहयोग से विद्यालयों को ऊंचाइयों पर ले जाते हुए आधुनिक शिक्षा देने का प्रयास करेंगे। उन्होंने पूर्व प्रबंधक श्रीमती मालती अग्रवाल की स्मृति में प्रतिवर्ष कक्षा 6 से 12 के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को परीक्षा आधारित छात्रवृति देने की घोषणा की। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सुबोध पाराशर, प्रबंधक विनोद मित्तल, प्रधानाचार्य आलोक अग्रवाल, प्रबन्ध निदेशक दीपा मित्तल ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। स्कूली छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किये। छात्र-छात्राओं ने



अनेक गीत, नृत्य समूह प्रस्तुत कर अभिभावकों की तालियां बटोरी। कार्यक्रम में प्रबन्धन की ओर से मुख्य अतिथि सुबोध पाराशर ने स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं को उनके अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया। समारोह में आयुष मित्तल ने अपने विद्यालय की प्रगति, शैक्षिक वातावरण व सांस्कृतिक उपलब्धियों की सराहना करते हुए भविष्य में बेहतर सहयोग की अपेक्षा की है। शिक्षिका पिंकी शर्मा व हुमैरा जबीं के संचालन में कार्यक्रम में विनय कौशिक, पंकज शर्मा, मुकेश सिन्हा, शकील रजा, आशा रजा, जितेन्द्र कक्कड़, जुगल किशोर, प्रमोद मित्तल, सीमा देवी आदि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि सुबोध पाराशर ने अतिथियों व अभिभावकों के साथ विद्यालय परिसर में किड्स जॉन कक्ष का अवलोकन कर इस व्यवस्था को ग्रामीण क्षेत्र के लिए एक उपलब्धि बताया।

## व्यापारियों ने कुट्टू के आटे के सैम्पल के नाम पर उत्पीड़न का आरोप लगाया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के काफी संख्या में किराना व्यापारी अपनी दुकान बंद कर कल्लूगंज में इकट्ठा हुये। व्यापारियों ने कुट्टू के आटे के सैंपल के नाम पर खाद्य विभाग द्वारा सभी व्यापारियों को परेशान किये जाने का आरोप लगाया। सभी व्यापारियों ने कुट्टू का आटा न बेचने का निर्णय लिया। व्यापारियों ने कहा कि अगर किसी व्यापारी की गलत सामान बेचने की कोई सूचना प्राप्त होती है तो व्यापार मंडल शासन-प्रशासन का पूर्ण सहयोग करता है। मगर सभी व्यापारियों पर छापामारी कर व्यापारियों के अंदर विभाग की ओर से डर का माहौल पैदा किया जा रहा है। जिसका सभी व्यापारी अपनी दुकान बंद रखकर विरोध करेंगे तथा इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसके बाद कल्लूगंज से सभी व्यापारी इकट्ठा होकर पैदल मार्च के रूप में चौक बाजार से होते हुए तहसील पहुंचे। वहां उन्होंने एसडीएम शैलेंद्र कुमार को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि खाद्य विभाग द्वारा कुट्टू के आटे में मिलावट के मामले में निर्दोष व्यापारियों को परेशान किया जा रहा है। जिससे सभी व्यापारी परेशान हैं। ज्ञापन देने वालों में व्यापारी सुरक्षा फोरम के वरिष्ठ प्रदेश मंत्री संजीव अग्रवाल, नगर संरक्षक उमापति गर्ग, नगर अध्यक्ष कमल बंधु, नगर मंत्री अनुज अग्रवाल, नगर कोषाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



## पैसों के लेन-देन के झगड़े में छुरी से हमले का प्रयास

नजीबाबाद (चिंगारी)। लेनदेन को लेकर हुए मामूली विवाद में एक व्यक्ति पर छुरी से हमले का प्रयास किया गया। झगड़े में भीड़ के बीच हाथ में छुरी लेकर आने से दहशत फैल गई। नजीबाबाद के कस्बा जलालाबाद में पैसों के विवाद में एक युवक ने घर से छुरी निकालकर खुलेआम जान से मारने की धमकी दे दी। मौके पर मौजूद लोगों की भीड़ ने किसी तरह बीच-बचाव किया, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। बताया जा रहा है कि आरोपी ने सरेआम छुरी लहराते हुए युवक पर हमला करने की कोशिश की जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पीड़ित का आरोप है कि मामले की शिकायत नजीबाबाद पुलिस से किये जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। क्षेत्रवासियों ने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। पूरी घटना की वीडियो वायरल होने के बाद आरोपी पर जल्दी ही कार्रवाई हो सकती है।

## डीएम के आने से पूर्व ही पीड़ितों को रोक कर शिकायत सुनते नजर आए अधिकारी

नजीबाबाद (चिंगारी)। स्थानीय तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम बिजनौर जसजीत कौर ने पीड़ितों की फरियाद को सुनकर समस्याओं का समाधान कराने के निर्देश दिये। यह कार्यक्रम शनिवार को अवकाश होने के कारण सोमवार को आयोजित किया गया। डीएम ने अधिकारियों को शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के सख्त निर्देश दिए। साथ ही लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी दी। सोमवार को नजीबाबाद तहसील के कवि दुष्यंत कुमार सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पीड़ितों की फरियाद को सुनने के लिए बिजनौर डीएम जसजीत कौर पहुंची। डीएम ने पीड़ितो की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। संपूर्ण समाधान दिवस पर राजस्व की 13, पुलिस की 4, अन्य की 4 सहित कुल 21 शिकायतें दर्ज की गई। जिनमें से मात्र एक शिकायत का मौके पर ही विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निराकरण कराया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस मौके पर सीएमओ डॉ. कौशलेंद्र सिंह, परियोजना निदेशक दिनकर भारती, एसडीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह, सीओ नितेश प्रताप सिंह, तहसीलदार डॉ. संतोष कुमार, नायब तहसीलदार अमित कुमार व ममता यादव सहित सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सूचना

पहले मेरा नाम SALEEM AHMAD था अब मैंने अपना नाम MOHD SALEEM रख लिया है। पहले मेरी पत्नी के नाम की गलत स्पेलिंग AALIYA FIRDAS थी। अब मैंने पत्नी के नाम की सही स्पेलिंग ALIYA FIRDOS रख ली है। भविष्य में मुझे व मेरी पत्नी को इसी नाम व स्पेलिंग से पहचाना जाए। सेंट मैरीज स्कूल में भी हमें इस नाम से जाना जाए।

**MOHD SALEEM/ALIYA FIRDOS**
**M/O MAKBARA NAJIBABAD, BIJNOR**

## गोकशी का एक आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार, दूसरा फरार

नजीबाबाद (चिंगारी)। स्थानीय पुलिस ने पशुवध के उपकरण व अवैध शस्त्रों के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गोवंशीय पशु का मांस बरामद होने के मामले में दर्ज मुकदमें में वांछित अभियुक्त आजाद पुत्र हनीफ निवासी ग्राम हुसैनपुर थाना किरतपुर को जाफराबाद चौकी पर बैरियर लगाकर की जा रही चैकिंग के दौरान प्लेटिना मोटरसाईकिल सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से एक 315 बोर का तमंचा, दो जिंदा कारतूस व एक खोखा, पशु कटान के उपकरण बरामद किये। जबकि एक अन्य वांछित अभियुक्त उस्मान पुत्र कल्लू निवासी निकट बुध बाजार भनेड़ा फरार हो गया। पुलिस ने इस मामले में दो दिन पूर्व गोमांस के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया था।





# भारत में लोकतंत्र की जड़ें वैदिक काल से ही अंकुरित: राज्यपाल

**असम के महामहिम राज्यपाल श्री लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज़-टीएमसीएलएलएस की ओर से बिल्डिंग डेमोक्रेसी थ्रू लॉ एंड इन्फॉर्मेशन पर आयोजित दो दिनी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में बतौर मुख्य अतिथि की शिरकत।**



**मुरादाबाद (चिंगारी)।** असम के महामहिम राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने कहा, 'लोकतंत्र एक जीवन पद्धति है। भारत में लोकतंत्र की जड़ें वैदिक काल से ही अंकुरित हैं। वैदिक काल में राजा भी अपनी प्रजा को तय नियमों-कानूनों के तहत ही राज्य करता था, वह धर्म और न्याय को सर्वोच्च स्थान देता था। वेदों में कहा गया है, धर्मो रक्षति रक्षत: अर्थात जो व्यक्ति धर्म, न्याय, नैतिकता, सही कर्म की रक्षा करता है, धर्म उसकी रक्षा करता है। भारत का लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा और जीवंत लोकतंत्र है'। श्री आचार्य तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज़ की ओर से बिल्डिंग डेमोक्रेसी थ्रू लॉ एंड इन्फॉर्मेशन पर आयोजित दो दिनी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस के शुभारम्भ सत्र में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पूर्व कैंपस में असम के महामहिम के प्रथम आगमन पर की-नोट स्पीकर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी, लखनऊ के वीसी प्रो. राजकुमार मित्तल, टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन और डीन अकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने बुके देकर गर्मजोशी से स्वागत किया। साथ ही स्काउट एंड गाइड की ओर से गॉर्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया।

कॉन्फ्रेंस में एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, डीन प्रो. हरबंश दीक्षित की भी उल्लेखनीय मौजूदगी रही। मेहमानों ने कॉन्फ्रेंस में जर्नल के संग-संग पुस्तक- दा डॉरी पैराडॉक्स का विमोचन भी किया। कॉन्फ्रेंस के बाद मुख्य अतिथि श्री आचार्य ने लॉ कॉलेज में मूट कोर्ट का उद्‌घाटन भी किया। मुख्य अतिथि और की-नोट स्पीकर को शॉल, स्मृति चिन्ह, पोट्रेट और भारतीय संविधान की प्रस्तावना भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कैंपस में वृक्षरोपण किया। श्री आचार्य बोले, 'सत्ता, पद और धन का उपयोग जनकल्याण के लिए करना ही लोकतंत्र को मजबूती प्रदान कर सकता है। संविधान और लोकतंत्र की सफलता के लिए अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की भागीदारी जरूरी है। एनईपी-2020 के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को साधुवाद देते हुए बोले, युवाओं में हुनर के विकास की एनईपी में वकालत की गई है। इसमें हम सफल भी हो रहे हैं। कर्तव्यों, नैतिकता, मानवीय मूल्यों में ही लोकतंत्र की सफलता निहित है। कानून किसी भी पद और व्यक्ति से सर्वोच्च है। न्यायपूर्ण, संतुलित समाज, समानता, अधिकारों की सुरक्षा ही सफल लोकतंत्र की नींव है'।

> राज्यपाल श्री आचार्य ने टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन को कर्मयोगी की संज्ञा देते हुए कहा, टीएमयू की स्थापना श्री जैन के समाज के प्रति जिम्मेदारी का प्रतिफल है। समाज हमें बनाता है, इसीलिए बदले में हमें भी समाज को देना होगा। हम जानते हैं, जी नहीं पाते। सोचते बहुत हैं, लेकिन कर नहीं पाते। श्री सुरेश जैन में कल्पनाशीलता है। समाज को देने की प्यास है।

## भगत सिंह के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया, कई लोगों को सम्मानित किया



**चांदपुर (चिंगारी)।** पूर्व सैनिक कल्याण समिति के तत्वाधान में शहीदे आजम सरदार भगत सिंह बलिदान दिवस पर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। यहां थाने के नजदीक शहीद भगत सिंह स्मारक पर गोविन्द मित्तल की अध्यक्षता एवं विनेश त्यागी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने सरदार भगत सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने सरदार भगत सिंह की संगमरमर से बनी प्रतिमा लगाये जाने पर चर्चा भी की। कार्यक्रम में दो शहीद हुए सैनिकों की पत्नी बालेश कुमारी व पुष्पा देवी, मंदिर में मिले आभूषण वापस कर ईमानदारी दिखाने वाले सुभाष सिंह स्याऊ, सफाई कर्मचारी अर्जुन सिंह व भोपाल सिंह व मंदिर पर रहने वाले दलीप सिंह सैनी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रो. नीलेन्द्र बादल, सचिन अहलावत, गोविन्द मित्तल, सेवानिवृत्त सुबेदार मुनेन्द्रपाल सिंह, कार्यक्रम आयोजक मुनेश कुमार फौजी, देवेन्द्र सिंह, चमन प्रकाश, जगत शर्मा, योगेश शर्मा, कृष्णवीर शर्मा फौजी, श्रीमती विनोद कुमारी, श्रीमती मंजू त्यागी, संतोष देवी, नरेन्द्र त्यागी, सुभाष वर्मा, रोहित फौजी, देवेन्द्र कुमार, महिपाल सिंह, नितिन कुमार, परीक्षित कुमार, भोपाल सिंह, आशू गोयल आदि मौजूद रहे।

## आसपा ने देश के शहीदों का किया स्मरण



**किरतपुर (चिंगारी)।** प्राचीन मंदिर के निकट आजाद समाज पार्टी के प्रदेश सचिव साहिल मेहरा के कार्यालय पर शहीद दिवस के अवसर पर देश की आजादी के लिए फांसी के फंदे को चूमने वाले अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर तथा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर प्रदेश सचिव साहिल मेहरा ने कहा वीर शहीदों की इस शहादत को देश हमेशा याद रखेगा और उनके सिखाये मार्गों पर हमेशा चलने का प्रयास करेगा। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में दीपक कुमार सिंह, सरफराज मलिक, नवीन भारती, शेर सिंह, सतीश मेहरा, नरेश कालरा, अरविंद जैन, सुमित कुमार, शरीफ कुरैशी, हामिद अब्बासी, गौरव कुमार, सौरव कुमार, दानिश कुरैशी, ओसामा, बाबूराम, राजन वाल्मीकि, सूरज कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## जुझैला में निकली कलश यात्रा



**नूरपुर (चिंगारी)।** सोमवार को नूरपुर क्षेत्र के गांव जुझैला में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया। श्रीमद्भागवत कथा के पहले दिन गांव में कलश यात्रा निकाली गई। कलशयात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सासंद शीशराम रवि ने भाग लिया। यात्रा में गांव की महिलाएं सर पर कलश लेकर चल रहीं थीं। इस अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य पंडित मुकुल देव शर्मा, हिमांशु शेखावत, अवधेश शेखावत, बहादुर सिंह, मुख्य यजमान राजीवर सिंह चौहान, राजेश शर्मा, अमित शेखावत, अवनीश शेखावत आदि भक्त उपस्थित रहे।

## नूरपुर में निकला भव्य पथ संचलन

### निशांत कर्णवाल के नेतृत्व में भाजपाइयों ने की पुष्प वर्षा

**नूरपुर (चिंगारी)।** सोमवार को नगर में आरएसएस का पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन में शामिल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों पर भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष निशान्त कर्णवाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ शिव मन्दिर चौक पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया। हुकुमतपुर रोड स्थित सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता एकत्र हुए। वहां से नगर संघ संचालक के संबोधन के पश्चात पथ संचलन प्रारम्भ हुआ। पथ संचलन नगर के शिव मंदिर चौक से होते हुए नगर के विभिन्न मार्गों से होता हुये सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री सुधीर चौहान, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार राणा, सौरभ जुनेजा, कमलेश प्रजापति, भाजपा मंडल मंत्री सुरेंद्र पाल,भाजपा नेता अंकित जोशी, बूथ अध्यक्ष गंगाराम उपस्थित रहे।



स्वयंसेवकों पर पुष्पवर्षा करते निशान्त कर्णवाल।

# शहीद दिवस पर पूर्व सैनिकों ने निकाली रैली



**बिजनौर ( चिंगारी )।** शहीद भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु जी के शहीदी दिवस पर बिजनौर पूर्व सैनिकों द्वारा विरासत जागरूकता अभियान के तहत एक रैली निकाली गई द्य रैली को नुमाइश ग्राउंड में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन अनिल गुप्ता एवं डॉ.ओ. पी. शर्मा योगाचार्य द्वारा झंडी दिखाकर रवाना कराया गया। जिसमें सैनिकों के साथ साथ नगरवासियों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। जिला प्रशासन का भी सहयोग रहा। रैली में पूर्व सैनिकों के जिला अध्यक्ष सुरेश चन्द्र, बिजनौर तहसील अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक तरुण सहरावत, विधि सलाहकार एडवोकेट वीरेंद्र सिंह,सह संरक्षक अरविन्द लांबा, एडवोकेट राजवीर सिंह फौजी, राहुल जवान तेजपाल सिंह, कारगिल योद्धा मोहम्मद असद, बिजनौर तहसील संयोजक सूरजमल जी, जिला उपाध्यक्ष चंद्रभान सिंह जी, तहसील अध्यक्ष नजीबाबाद गोपाल सरन, तहसील नजीबाबाद संरक्षक विजय पाल राणा, धामपुर तहसील अध्यक्ष जसवीर सिंह, राजकुमार धीमान, कोषाध्यक्ष लवकुश फौजी, प्रमोद सोरलॉन, समाजसेवी खगेश विश्वकर्मा, सुभाष काकरान एवं उनकी टीम आदि रहे। जगह जगह चौराहों पर राहगीरों द्वारा पुष्प वर्षा की गई। बुद्धा हॉस्पिटल के स्वामी एवं सपा केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य रमेश तोमर ने रैली का स्वागत किया। चांदपुर विधायक स्वामी ओमवेश का भी स्नेहिल आशीष रैली आयोजकों का उत्साह दुगना कर गया।

# कई विभागों के स्टाल लगाकर सरकारी योजनाओं की जानकारी दी




प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर हुआ कार्यक्रम

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** प्रदेश की भाजपा सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में स्टाल लगाकर सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र लाभार्थियों को चिन्हित किया गया। कासमपुर गढ़ी बस स्टैंड स्थित अफजलगढ़ ब्लॉक परिसर में बीडीओ मनवीर सिंह की अध्यक्षता व एडीओ (पंचायत) ललित प्रताप सिंह के संचालन में सोमवार को आयोजित इस कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे जिन्होंने प्रदेश सरकार की 9 वर्ष की उपलब्धियों को गिनाया जबकि बीडीओ मनवीर सिंह ने अनेक विभागों की योजनाओं में विगत 9 वर्षों में हुई प्रगति पर प्रकाश डाला और सरकार की योजनाओं के विषय में विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में विभागों के स्टॉल लगाकर योजना के पात्र लाभार्थियों को चिन्हित भी किया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी अफजलगढ़ प्रेम सिंह राणा, भाजपा (कि.मो.) के जिलाध्यक्ष खेल सिंह राजपूत, भाजपा (अ.मो.) के जिलाध्यक्ष सरदार मलकीत सिंह, सहित अनेक विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, बीडीसी सदस्य्, समूह की महिलाएं आदि अनेक क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# शहीद मेले के समापन पर निकाला मशाल जुलूस



**नांगल सोती ( चिंगारी )।** नौजवान भारत सभा और स्त्री मुक्ति लीग द्वारा आयोजित शहीद मेले के तीसरे और अंतिम दिन कल देर शाम 'भगत सिंह तुम ज़िन्दा हो, हम सबके संकल्पों में, 'भगत सिंह का जो ख़्वाब अधूरा, इसी सदी में होगा पूरा' 'पूरा जोर लगायेंगे, शहीदों के सपनों का भारत बनायेंगे' जैसे जोशपूर्ण नारों के साथ मशाल जुलूस निकाला गया। मशाल जुलूस के बाद नौजवान भारत सभा के अपूर्व मालवीय ने युवाओं को सच्चाई, न्याय और ईमानदारी के रास्ते पर चलने, जाति-धर्म में न बंटते हुए मिल '-जुलकर संघर्ष करने की शपथ दिलाई। सामाजिक कार्यकर्ता चौधरी हेमेन्द्र सिंह ने संकल्प सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि शहीदों की शहादत का दिन हमारे लिये शोक का नहीं, बल्कि गर्व का दिन है। स्त्री मुक्ति लीग की कविता कृष्णपल्लवी ने कहा कि भगत सिंह जिस समतामूलक समाज की स्थापना करना चाहते थे, उस समाज को बनाने का जिम्मा आज की युवा पीढ़ी के कंधों पर है। सभा को नौजवान भारत सभा के प्रदीप गोस्वामी ने भी सम्बोधित किया। विशाल मशाल जुलूस में चौधरी हेमेन्द्र सिंह, अपूर्व मालवीय, कविता कृष्णपल्लवी, गीतिका, रामाधार, शिवा, गणेश कुमार, राजू, आशीष, मुकेश, गिरीश, संजीत, राकेश, मोती, भाकियू से ज्ञान सिंह, रोहित कुमार, राहुल कुमार, प्रमोद कुमार, मनोज शर्मा, बिट्टू पहलवान, जनेशपाल, अमित अग्रवाल, जाकिर अहमद, शिक्षक कृष्ण कुमार, राजकमल, अजय बालियन 'गुड्डू',सहित बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे। संकल्प सभा के बाद चार्ली चैप्लिन कि फिल्म 'द मॉडर्न टाइम्स' प्रदर्शित की गयी।

# प्रबल राणा का गुरुकुल कुरुक्षेत्र में प्रवेश होने पर जश्न का माहौल



प्रबल राणा

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** गुरुकुल कुरुक्षेत्र (हरियाणा) देश का एक प्रमुख बोर्डिंग स्कूल है, जो सीबीएसई की आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ वैदिक मूल्यों और भारतीय संस्कृति की शिक्षा भी देता है। यहां एनडीए, नीट, जेईई और खेलों की विशेष कोचिंग के साथ सात्विक जीवन शैली पर जोर दिया जाता है। प्रवेश के लिये विगत 20 मार्च को अखिल भारतीय स्तर पर प्रवेश परीक्षा आयोजित हुई थी। 21 मार्च को प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। क्षेत्र के ग्राम सौफतपुर निवासी एक्स सर्विसमैन विजय सिंह राणा के सुपुत्र प्रबल राणा ने प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। प्रबल का गुरुकुल कुरुक्षेत्र में प्रवेश के लिये चयन होने से उनके परिवार में जश्न का माहौल है। सोमवार की शाम घर पर समारोह आयोजित कर जश्न मनाया गया। पूर्व फौजी सुशील शुक्ला, गंगाधर शर्मा एवं डालचंद पाल, प्रबल की दादी सुधा देवी, मां लक्ष्मी देवी, रीता देवी, सर्वेश देवी, प्रभा देवी, प्रियंका राणा, सूरज सिंह, विजेन्द्र सिंह, अरुण राणा, राहुल राणा, प्रियांशु राणा, डा. अरुण कुमार, नानू, प्रणव, आराध्या, लवी, अदविक राणा, अन्वी, अनाया, रसिका, मनु, युद्धजीत पवार, सुधीर, सुभाष, गजे सिंह, अशोक कुमार, राजवीर सिंह, मूला सिंह, मोहित कुमार, सत्यम कुमार, समरपाल सिंह, दीपक राजपूत, विनीत राणा सहित काफी गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# गौवध के मामले में था फरार चांदपुर का फैजान गिरफ्तार

**नहटौर ( चिंगारी )।** पुलिस ने गौवंश वध और पशु क्रूरता के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया। पकड़ा गया आरोपी गौमांस की खरीद-फरोख्त में शामिल होना बताया जाता है।उसका पुराना आपराधिक इतिहास भी रहा है।



बता दें कि गत 19 मार्च को ग्राम वाजिदपुर के जंगल में दो गौवंशीय अवशेष बरामद हुए थे। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर गौशाला के चौकीदार दयाराम निवासी ग्राम तुराबनगर नहटौर, शाहबाज उर्फ गुल्लू निवासी गांवड़ी पनियाला नूरपुर तथा इमरान निवासी हजरतनगर नूरपुर को पहले ही जेल भेज चुकी है। पुलिस जांच में चांदपुर के मौहल्ला कटकुई निवासी फैजान पुत्र नसीम का नाम प्रकाश में आया, जो गौवंश के मांस की खरीद-फरोख्त में शामिल था। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक सोनू निगम, कांस्टेबल विकास कुमार और विशाल कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने अभियुक्त फैजान को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश किया है। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी गौवंश कटान के मामले से जुड़ा था। और उसका चालान कर दिया गया है।

# शहीदों के बलिदान के कारण ही आज हम आज़ाद हैं : अशोक कटारिया



पूर्व मंत्री अशोक कटारिया को स्मृति चिन्ह देते विवेक कर्णवाल।

**चांदपुर ( चिंगारी )।** आधारशिला 'द स्कूल' में कल भारत के महान क्रांतिकारियों सरदार भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व परिवहन मंत्री एवं विधान परिषद सदस्य अशोक कटारिया, आईएएस कुनाल रस्तोगी,नगेन्द्र पाल सिंह डिप्टी कमांडेंट बीएसएफ, अमित मित्तल व विधालय के प्रबंधक विवेक कर्णवाल ने शहीद क्रांतिकारियों के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन किया। मुख्य वक्ता के रूप में उद्बोधन करते हुए पूर्व मंत्री अशोक कटारिया ने बताया कि इन शहीदों के कारण ही आज हम सब आजाद हैं, इनका हमारे ऊपर ऋण है। अत: हमें कभी भी यह नहीं भूलना चाहिए और इनको हमेशा इसी तरह याद करते रहना चाहिए। उन्होंने देशभक्ति को नये रूप में परिभाषित करते हुए बताया कि अपने देश के प्रति किसी भी रूप में कार्य करना ही देशभक्ति है। उन्होंने युवाओं को इन देशभक्तों से प्रेरणा लेने की भी सलाह दी। विशिष्ट अतिथि डिप्टी कमांडेंट नगेंद्रपाल सिंह ने कहा कि हम सभी को भारत मां की सेवा करते रहने चाहिए।प्रशिक्षु आईएएस कुनाल रस्तोगी ने शहीदों के बताए हुए रास्ते पर चलना का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक विवेक कर्णवाल एवं श्रीमती एकता कर्णवाल, प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता शर्मा, उप प्रधानाचार्य बिजेंद्र सिंह नेगी, स्कूल- कोआर्डिनेटर बबिता त्यागी एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम का संचालन हिंदी प्रवक्ता चतुर्भुज पाण्डेय ने किया।

# चंद्रा कत्था इंडस्ट्रीज के स्वामी राकेश अग्रवाल का निधन

नजीबाबाद ( चिंगारी )। नजीबाबाद स्थित चंद्रा कत्था इंडस्ट्रीज के एम डी, चंद्रा ग्रुप के मुखिया स्व. श्री सुभाष चंद अग्रवाल के छोटे भाई पूर्व चेयरमैन व वरिष्ठ समाजसेवी स्व. नरेशचंद्र अग्रवाल के भतीजे, रामलीला कमेटी के संरक्षक, वरिष्ठ समाजसेवी व सुप्रसिद्ध उद्योगपति राकेश कुमार अग्रवाल का 23 मार्च की रात निधन हो गया है। उनका शव मंगलवार सुबह 10 बजे तक नजीबाबाद उनके स्टेशन रोड स्थित निवास चंद्रा हाउस पर लाया गया। श्री अग्रवाल चंद्रा कत्था इंडस्ट्रीज के साथ ही मानसरोवर बॉटलिंग कंपनी, मानसरोवर पेपर मिल, चंद्रा केमिकल, चंद्रा फ्रेग्रेंस आरसीए लीजिंग जैसी चंद्रा ग्रुप की अन्य कंपनियों के डायरेक्टर रहे। सीकेआई छाप कत्था कच्छ के साथ ही उनकी कंपनी के दिलरुबा पान मसाले ने देश विदेश में अपनी बेहतरीन इमेज बनाई, जिससे नजीबाबाद को भी प्रसिद्धि मिली। उनकी थम्सअप फैक्ट्री के प्रोडक्ट भी अपने विशेष स्वाद के लिए पूरे भारत में मशहूर हुए और कई बार विले पार्ले ग्रुप मुंबई से एमबीसीएल को इसके लिए विशेष पुरस्कार मिले। उन्होंने गैर हिंदी भाषी देशों व भारत के राज्यों में हिंदी के लिए विशेष सेवा करने वाले विद्वानों को कई साल तक माता कुसुम कुमारी सम्मान देकर भी नजीबाबाद का नाम रोशन किया, जिसकी चर्चा आकाशवाणी व दूरदर्शन से होने से लोग नगर व जनपद को अलग से पहचानने लगे थे। उनके चंद्रा ग्रुप से न केवल कई कंपनी बल्कि बड़ी संख्या में रोजगार पैदा हुए जिससे नगर का विकास हुआ। राकेश जी कुछ माह से बीमार चल रहे थे। वे दिल्ली के एक बड़े हॉस्पिटल में भर्ती थे। उनका वहां जाने माने विशेषज्ञ डॉक्टर्स गहन चिकित्सा कक्ष में इलाज कर रहे थे। इससे पहले उनका उपचार कुछ समय



तक मुंबई के अस्पताल में भी हुआ था। स्वास्थ्य कुछ बेहतर होने के बाद उनको दिल्ली स्थित उनके राजधानी वाले फ्लैट पर शिफ्ट कर दिया गया था। इस दौरान वे डॉक्टर के परामर्श पर समय-समय पर ट्रीटमेंट के लिए चिकित्सालय जाते रहते थे। एक सप्ताह पूर्व उनकी तबियत अधिक खराब हुई तो उनको अस्पताल में एडमिट कर दिया गया था। जहां उनका आईसीयू में रोग के स्पेशलिस्ट डॉक्टर इलाज कर रहे थे। भर्ती होने के बाद उनकी तबीयत में विशेष सुधार नहीं हुआ और वे दिन ब दिन कमजोर होते गए। बेहतरीन डॉक्टर, शानदार सुविधाओं वाले अस्पताल व हर संभव दवा के द्वारा ट्रीटमेंट किए जाने पर भी उनको बचाया नहीं जा सका, उन्होंने सोमवार की रात 9.10 बजे अंतिम सांस ली। उल्लेखनीय है कि राकेश जी का व्यवहार, परिवार, कंपनी स्टाफ व समाज के सभी वर्गों के साथ बहुत उदार स्नेहशील व सहयोग करने वाला था। उनको सभी वर्गों के लोग पसंद करते थे। वे आर्ट ऑफ लिविंग, रामलीला कमेटी, लायंस क्लब, माता कुसुम कुमारी हिंदीतर भाषी हिंदी सम्मान सहित अनेक सामाजिक साहित्यिक व धार्मिक संस्थाओं से भी जुड़े थे। नगर जनपद व देश के कोने कोने से जुड़े उनके मित्रों संबंधियों व सहयोगियों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। वरिष्ठ पत्रकार व लेखक इकबाल हिंदुस्तानी ने राकेश अग्रवाल के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि उन्होंने तीन दशक से अधिक सीकेआई में सर्विस करते हुए राकेश जी को एक संरक्षक के रूप में महसूस किया। श्री हिंदुस्तानी ने उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। चिंगारी परिवार भी राकेश अग्रवाल के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता है।

## आसपा के पदाधिकारियों ने जोन प्रभारी से की आगामी चुनाव को लेकर चर्चा



आसपा के जोन प्रभारी गौहर इकबाल भेंट करते पदाधिकारी।

मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )। भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष प्रशांत महासागर, आजाद समाज पार्टी के जिला प्रभारी मंडावली निवासी शाहबुद्दीन मकरानी उर्फ साबू ने आजाद समाज पार्टी ( कांशीराम ) के प्रदेश महामंत्री एवं पश्चिमी जोन प्रभारी गौहर इकबाल से उनके आवास नूरपुर में एक शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पार्टी संगठन की मजबूती व पार्टी की नीतियों का प्रचार-प्रसार करने पर चर्चा की। गौहर इकबाल ने पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ आगामी चुनाव को लेकर चर्चा की। आसपा जिला सचिव नवीन कुमार, दिलशाद मकरानी आदि पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## डॉ. राम मनोहर लोहिया दूरदर्शी चिंतक व सच्चे समाज सुधारक थे: मुनव्वर अली



नजीबाबाद (चिंगारी)। महान समाजवादी विचारक एवं स्वतंत्रता सेनानी डॉ. राममनोहर लोहिया की जयंती नगर के मौहल्ला जाब्तागंज स्थित अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव वीरेंद्र यादव के आवास पर श्रद्धा के साथ मनाई गई, जिसमें समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला महासचिव सय्यद मुनव्वर अली मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस मौके पर केक काटकर जयंती मनाते हुए डॉ. राममनोहर लोहिया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। मुनव्वर अली ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. लोहिया भारतीय राजनीति के ऐसे महान नेता थे, जिन्होंने अपना पूरा जीवन समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के अधिकारों के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि डॉ. लोहिया केवल एक राजनेता ही नहीं, बल्कि दूरदर्शी चिंतक व सच्चे समाज सुधारक भी थे। उनका जन्म 23 मार्च 1910 को हुआ था, बचपन से ही उनमें देशभक्ति की भावना प्रबल थी। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका निभाई व अंग्रेजों के खिलाफ कई आंदोलनों का नेतृत्व किया। महात्मा गांधी के साथ मिलकर उन्होंने आजादी की लड़ाई लड़ी व कई बार जेल भी गए, लेकिन अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। सय्यद मुनव्वर अली ने आगे कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में पार्टी आज भी डॉ. लोहिया की विचारधारा पर चल रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत के साथ समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है। इस मौके पर वीरेंद्र यादव, नौशाद अहमद, सुनील, राशिद, जाकिर, शाहिद आदि मौजूद रहे।

## बाइक फिसलकर गिरने से युवक की मौत

नांगल सोती ( चिंगारी )। बड़े भाई की शादी की तैयारियों में जुटे युवक की नहर पटरी मार्ग पर बाइक फिसल जाने से गिरकर मौत हो गई। नांगल थानांतर्गत ग्राम रायपुर खास उर्फ कोटसराय निवासी गुलबहार (18 वर्ष) पुत्र अफनान कल पेंट लेने के लिये नहर पटरी मार्ग से भागूवाला जा रहा था। भागूवाला के समीप स्थित ग्राम काशीरामपुर के पास उसकी बाइक फिसलकर नीचे गिर गई। उसके सिर पर गंभीर चोट आने तथा पसलियां टूट जाने से उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना से युवक के घर में कोहराम मच गया। सूचना पर गुलबहार के परिजन मौके पर पहुंचे और युवक को उठाकर आनन - फानन में नजीबाबाद के एक हॉस्पिटल में लेकर पहुंचे। चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। गुलबहार के बड़े भाई सलमान की अगले सप्ताह शादी थी। युवक शादी की तैयारियों में जुटा हुआ था। परिजनों ने कोई कानूनी कार्यवाही नहीं की।



मृतक का फाइल फोटो

## यूपी में एयर कनेक्टिविटी से निवेश तक बड़ा बदलाव, 'माफिया मुक्त प्रदेश' बनाने पर जोर- योगी

लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि प्रदेश ने बीते कुछ वर्षों में एयर कनेक्टिविटी, निवेश और कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन देखा है। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था जब प्रदेश में 'ढाई एयरपोर्ट' ही संचालित माने जाते थे, जबकि आज उत्तर प्रदेश देश के सबसे तेजी से विकसित हो रहे एविएशन हब के रूप में उभर रहा है। लोकभवन में आयोजित निवेश मित्र सम्मेलन में उन्होने बताया कि पहले केवल लखनऊ और वाराणसी के एयरपोर्ट पूरी तरह सक्रिय थे, जबकि गोरखपुर और आगरा में सीमित और अनियमित उड़ानें संचालित होती थीं। लेकिन वर्तमान में प्रदेश में 16 घरेलू और 4 अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही जेवर में बन रहा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जल्द ही देश का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनने जा रहा है, जिसका उद्घाटन 28 मार्च को प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट को देश का सबसे बड़ा कार्गो और लॉजिस्टिक हब विकसित किया जा रहा है। यहां एयरक्राफ्ट मेंटिनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉलिंग की आधुनिक सुविधा भी स्थापित की जा रही है।




खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट



सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।



पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर

बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट

Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans




सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर

मो. 9897024836, 8800092476



# रोटरी क्लब ने दो मंदिरों पर, लोकार्पण किये दो वाटर कूलर

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब ने रोटरी मंडल 3100 के सहयोग से श्री सिद्धबली मंदिर व शिव मंदिर घराट में जनसेवार्थ शीतल जल की दो मशीनें स्थापित कर संचालन शुरू कर दिया है। इस संबंध में मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मन्दिर समिति के अध्यक्ष डा. जे.पी. ध्यानी व रोटरी अध्यक्ष ऋषि ऐरन ने रिबन काटकर किया। इस अवसर पर डा. जे. पी. ध्यानी ने कहा कि जल ही जीवन है जल के बिना मनुष्य जीवित नही रह सकता है । उन्होने रोटरी क्लब द्वारा लगाये गये वाटर कूलरो के लिये आभार व्यक्त किया और कहा कि इससे गर्मी मे श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी। रोटरी क्लब अध्यक्ष ऋषि ऐरन ने कहा कि यदि प्यासे को जल मिल जाए तो उसे बड़ी तृप्ति मिलती है इसी उद्देश्य से रोटरी क्लब कोटद्वार ने रोटरी मण्डल 3100 के मण्डलाध्यक्ष नितिन अग्रवाल के सहयोग से दो वाटर कूलर जनता को समर्पित किये हैं । इस अवसर पर क्लब सचिव विजय कुमार, उपाध्यक्ष डी पी सिंह, वाई पी गिलरा, अनीत चावला, गोपाल बंसल, विजय कुमार माहेश्वरी और डाॅ एन पी पोखरियाल सहित क्लब के अन्य सदस्य मौजूद रहे।




**रोटरी क्लब की ओर से स्थापित वाटर कूलर का लोकार्पण करते क्लब सदस्य**

# पुलिस पर हमला करने वाला दूसरा आरोपी भी गिरफ्तार

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोतवाली पुलिस ने शनिवार रात को आम पड़ाव की खुमेरा बस्ती में बीच सड़क पर डीजे बजाने को रोकने को लेकर पुलिस पर हमला करने वाले दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूर्व में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को आम पड़ाव क्षेत्र में रात्रि गश्त के दौरान पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई कि खुमेरा बस्ती में कुछ युवक सड़क पर डीजे लगाकर शोर-शराबा कर रहे हैं, जिससे आमजन को असुविधा हो रही है। इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और युवकों को समझाने का प्रयास किया। इस पर कुछ युवक तो शांत हो गए थे, लेकिन सगे भाई मोहम्मद शाहिद एवं मोहम्मद आकिब उर्फ गबरू ने आक्रामक रुख अपनाते हुए पुलिस टीम पर हमला कर दिया, साथ ही पुलिस के सरकारी वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया । पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए मौके पर मोहम्मद शाहिद को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उसका भाई मोहम्मद आकिब उर्फ गबरू अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गया था। पुलिस द्वारा उत्तराखण्ड लोक सम्पत्ति निवारण अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु लगातार दबिश दी जा रही थी। परिणामस्वरूप पुलिस टीम ने मोहम्मद आकिब उर्फ गबरू को भी कोटद्वार क्षेत्र से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश करते हुए जेल भेज दिया।

# राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में कोटद्वार के बॉक्सर करेंगे प्रतिभाग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** चार से ग्यारह अप्रैल तक महाराष्ट्र के नागपुर में आयोजित होने वाली सातवीं जूनियर बालक-बालिका राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में कोटद्वार के बॉक्सर उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। स्टेडियम इंचार्ज और बॉक्सिंग कोच श्याम सिंह डांगी ने बताया कि जूनियर बालक-बालिका राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए उत्तराखंड राज्य का चयन ट्रायल शनिवार को रुद्रपुर उधम सिंह नगर में आयोजित हुआ। इस चयन ट्रायल में कोटद्वार स्टेडियम के प्रत्यूष डोभाल ने 57 से 60 किग्रा भार वर्ग में, राज सिंह ने 60 से 63 किग्रा. भार वर्ग में और अभय धामी ने 63 से 66 किग्रा. भार वर्ग में नेशनल के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। अब वे प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## 15 अप्रैल को मनाया जायेगा स्थापना दिवस

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** गौरव सैनिक पैराशूट रेजिमेंट स्पेशल फोर्स संगठन द्वारा संगठन का 75वां स्थापना दिवस समारोह 15 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जायेगा। समारोह नगर निगम के अंतर्गत घमंडपुर स्थित एक बारातघर के सभागार में आयोजित किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए संगठन के बलवान सिंह रावत ने फोर्स के सभी वीर सैनिकों और नारियों से कार्यक्रम में प्रतिभाग करने की अपील की है।

# स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारियों का योगदान सदा किया जायेगा याद

## कांग्रेस ने मनाया शहीद दिवस

**कोटद्वार( चिंगारी )।** शहीद दिवस के अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारियों भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने देश के स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि आज ही के दिन सन् 1931 में तीनों क्रांतिकारियों को पंजाब के मोहाली स्थित लाहौर जिला जेल में फांसी दी गई थी और तीनों क्रांतिकारी हंसते हुए फांसी पर झूल गए थे। उन पर आरोप था कि उन्होंने लाहौर जेल अधीक्षक की हत्या की थी। साथ ही यह आरोप भी था कि भगत सिंह ने बटुकेश्वर दत्त के साथ मिलकर तत्कालीन दिल्ली केंद्रीय असेंबली में बम फेंका था। कहा कि क्रांतिकारियों ने अपनी अंतिम समय में भी इन्कलाब जिंदाबाद, मैं क्रांतिकारी हूं और हम अपने देश के लिए कुर्बान हो रहे हैं., आदि नारे लगाए थे। कहा कि ऐसे क्रांतिकारियों का स्वतंत्रता संग्राम में दिया गया योगदान हमेशा याद किया जाता रहेगा। पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में बलबीर सिंह रावत, रमेश खंतवाल, वीरेंद्र रावत, प्रदीप नेगी, वेदपाल सिंह, पवन रावत, शिवम भूषण शाह और अमित राज सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# अक्षय तृतीया पर खुलेंगे यमुनोत्री धाम के कपाट

## मंदिर समिति की अगुवाई में निकाला गया शुभ मुहूर्त

**बड़कोट ( उत्तरकाशी ) ( चिंगारी )।** यमुनोत्री धाम के कपाट 19 अप्रैल रविवार को अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। 12 बजकर 35 मिनट पर कर्क लग्न अनुसार कृतिका नक्षत्र आयुष्मान योग पर विशेष पूजा अर्चना विधि-विधान के साथ कपाट खुलेंगे। आज मंगलवार यमुना जन्मोत्सव के अवसर पर मां यमुना के शीतकालीन प्रवास खरसाली गांव में स्थित यमुना मंदिर में यमुनोत्री मंदिर समिति की अगुवाई में यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने का विधिवत रूप से शुभ मुहूर्त निकाला गया। मंदिर समिति के प्रवक्ता पुरुषोत्तम उनियाल ने बताया कि इससे पहले खरसाली गांव से मां यमुना की डोली सुबह 8.30 बजे स्थानीय वाद्ययंत्रों के साथ यमुनोत्री के लिए रवाना होगी। खरसाली गांव से यमुना के भाई शनिदेव महाराज सोमेश्वर महाराज की डोली भी अपनी बहन को विदा करने यमुनोत्री जाएंगे।



# विश्व जल दिवस पर जल स्त्रोतों का पूजन किया

## जल संरक्षण मात्र विकल्प नहीं बल्कि अनिवार्यता बन गया- रेणु बिष्ट

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** विकासखंड द्वारीखाल के ग्राम पंचायत हथनूड़ ढांगू में विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में जल अर्पण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद ग्राम प्रधान गीता चौहान के नेतृत्व में जल बंधन कार्यक्रम के तहत जल स्रोतों का पूजन कर उन्हें कलावा बांधकर संरक्षण का संकल्प लिया गया। भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय पेयजल मंत्री सी.आर. पाटिल ने ग्राम प्रधान गीता चौहान व ग्रामीणों सहित स्कूली छात्रों से वर्चुअली संवाद कर जल जीवन मिशन से मिले लाभों की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि घर-घर जल पहुंचने से उनके दैनिक जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है और समय की बचत हुई है। कार्यक्रम के दौरान अधिशासी अभियंता जल संस्थान अभिषेक कुमार वर्मा ने ग्राम प्रधान को पेयजल योजना से संबंधित हस्ताक्षरित प्रति सौंपते हुए योजना की जानकारी दी। इस मौके पर स्थानीय कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जबकि स्कूली बच्चों ने चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि यमकेश्वर विधायक रेनू बिष्ट ने कहा कि जल संरक्षण आज केवल एक विकल्प नहीं बल्कि अनिवार्यता बन चुका है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है, जिससे विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और बच्चों को राहत मिली है। उन्होंने लोगों से जल का दुरुपयोग न करने और वर्षा जल संचय करने की अपील की। पेयजल एवं स्वच्छता निदेशक प्रदीप सिंह ने कहा कि जल संरक्षण एक गंभीर वैश्विक चुनौती है और इसके लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के साथ-साथ जल स्रोतों के संरक्षण पर भी ध्यान देना जरूरी है। मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत ने कहा कि जनपद में जल जीवन मिशन के तहत योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। साथ ही जल संरक्षण को लेकर जनजागरुकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं, ताकि लोग जल के महत्व को समझें और इसे बचाने में अपनी भागीदारी निभाएं। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी चतर सिंह चौहान, अधीक्षण अभियंता जल जीवन मिशन मो. मीशम, अधीक्षण अभियंता जल संस्थान प्रवीण सैनी, खंड विकास अधिकारी जयकृत सिंह बिष्ट, तहसीलदार वैभव जोशी, कार्यक्रम प्रबंधक कनुप्रिया रावत, अपर सहायक अभियंता हिमांशु त्यागी, सहायक अभियंता देवकी नंदन सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# दो गुटों के विवाद में मुजफ्फरनगर के छात्र की मौत

## हिरासत में तीन युवक, पुरानी रंजिश बताई जा रही

**देहरादून ( चिंगारी )।** राजधानी देहरादून के प्रेमनगर क्षेत्र केहरी गांव में छात्रों के दो गुटों में विवाद हो गया। इस विवाद में एक छात्र की मौत हो गई। वारदात के बाद तीन छात्र हिरासत में लिए गए हैं। एसपी सिटी प्रमोद कुमार ने बताया कि सोमवार रात सूचना मिली थी कि कुछ युवकों के बीच आपसी मारपीट में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद दून अस्पताल रैफर किया गया। जहां उपचार के दौरान देर रात मुजफ्फरनगर के भोपा निवासी, दिव्यांशु जाटराना ( 22 ) की मौत हो गई है। परिजनों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दोनों पक्षों के युवक एक निजी संस्थान में छात्र है। विवाद की वजह पुरानी रंजिश बताई जा रही है। इसके चलते सोमवार रात दोनों पक्षों में विवाद हुआ। घटना में शामिल तीन युवकों को हिरासत में लिया गया है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# हाई अलर्ट पर भारत : बढ़ते वैश्विक तनाव के बीच रक्षा तैयारियों की समीक्षा

## राजनाथ सिंह की अगुवाई में हुई बैठक

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और बदलते वैश्विक सुरक्षा हालात के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज उच्चस्तरीय बैठक कर देश की रक्षा तैयारियों की समीक्षा की। वहीं पिछले दिनों 22 मार्च को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सीसीएस बैठक हुई थी, जिसमें ऊर्जा और उर्वरक सप्लाई की समीक्षा की गई थी। इस बैठक में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह, थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और डीआरडीओ के चेयरमैन समीर कामत समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान मौजूदा सुरक्षा स्थिति और ऑपरेशनल तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष अब चौथे सप्ताह में पहुंच चुका है। इससे होर्मुज



स्ट्रेट के जरिए होने वाले व्यापार पर असर पड़ा है। 28 फरवरी को अमेरिका और इस्राइल के संयुक्त हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद तनाव और बढ़ गया।


Application Invited ( In Place of Required)

**Principal**

New School (Nursery to Class Vth)
(Preferably Experience Required)

CAPTAIN A.V.S. GAHLOT PUBLIC SCHOOL

Located at
Balkishanpur Chowk
Bijnor-Noorpur Road, Haldaur Bijnor
Pls. Send Application :
Email.: recruitment@captainavsgahlotpublicschool.com

Contact No.7900626574
Please send Application within Seven Days after Publication of this advertisement.

By
Management



आवश्यकता है

हल्दौर में एक प्रतिष्ठित फर्म के लिए Multihead Embroidery Machine के कुशल ऑपरेटर की आवश्यकता हैं।
योग्य व्यक्ति संपर्क करें।
मो- 8191819148





महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज

मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।
सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234





आवश्यकता है

R.P.S. INTERNATIONAL SCHOOL
(C.B.S.E. Pattern An English Medium)
ग्राम फतेहपुर कला बिजनौर को
S.S.T और English विषयों को पढ़ाने के लिए टीचर ( कक्षा 6 से 10 तक ) की
स्टाफ के लिए आने व जाने की फ्री सुविधा भी उपलब्ध है।
सम्पर्क करें- 8394838034, 8954568123, 9359888044



MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL

NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR

URGENTLY REQUIRED

PGT (ALL SUBJECTS)
TGT (ALL SUBJECTS)
PRT (ALL SUBJECTS)
P.T.I. (B.P.ED/M.P.ED.)
LIBRARIAN
KINDERGARTEN

Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred
Transport Facilities available for Bijnor Staff

Email : mpskotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number 8958800042, 8958800019, 9634289199



भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना



"सिंदूरी"

योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रोओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए नि:शुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।

हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।

हमारे अचीवर्स




BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road,Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928



पं. उ.प्र. में सर्वप्रथम विराजित



सांवलिया सेठ
( श्याम बाबा ) के
दर्शन करें।
प्राचीन शिव मंदिर
अग्रवाल धर्मशाला
रम्मू का चौराहा, बिजनौर
मो. 9927652453



Kajaria
TRANSFORM YOUR WORLD

Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom




DR. FIXIT
WATERPROOFING EXPERT

TILE O GRIP
BONDING CHEMISTRY

Nanotechnology Based
SEELAN BLOCK
सीलन ब्लॉक




8445517265
8791919960

सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर